www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 289 || अम्बेडकरनगर
बुधवार
14 जनवरी 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹ 2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा

# दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 06:57
सूर्यास्तः 05:34
अधिकतमः 17°00
न्यूनतमः 07°00



पेज 07 »

विशेष समाचार: भारत ने बुनियादी ढाँचे के ... » पेज 04 | केबिन में मिले तीन युवकों के ... » पेज 06 | बॉर्डर 2 के इवेंट में इमोशनल हुए ...

## जिद्दी बनते जा रहे, हमें रवि किशन की नकल नहीं करनी

# बच्चों को स्मार्टफोन देना अपराध : योगी



तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर। 'दुधमुंहे बच्चे को स्मार्टफोन पकड़ाना अपराध है। ये अपराध मत कीजिए। स्मार्टफोन बच्चों को देंगे तो वह जिद्दी हो जाएगा। डिप्रेशन का शिकार हो जाएगा। जब भी यात्रा पर हों तो स्मार्टफोन साइलेंट कर दीजिए। सड़क हादसे हो रहे हैं। पूरा परिवार खत्म हो रहा है। मोबाइल का इस्तेमाल करते हुए अनजान लोगों पर भरोसा न करें। ऐसा करते हैं तो साइबर ठगी का शिकार बनते हैं। जब शॉर्टकट से पैसा कमाना चाहते हैं तो डिजिटल अरेस्ट होते हैं।' यह बात सीएम योगी ने गोरखपुर महोत्सव के समापन कार्यक्रम में कहीं। इस दौरान योगी ने सांसद रविकिशन की चुटकी भी ली। कहा- रवि किशन की नकल नहीं करनी। रवि किशन और कालीबाड़ी के बाबा की फिल्म आ रही है। शूटिंग कहां होगी, मैं नहीं जानता। लेकिन मैं चाहूंगा कि ये फिल्म यूपी में न करना, यूपी के बाहर ही करना। काली बाड़ी के बाबा की चुटकी लेते हुए योगी ने कहा कि कब लखनऊ जाकर गोरखपुर आ जाते हैं। और जब सोशल मीडिया पर फोटो डालते गईं, तब मुझे पता चलता है कि पूरी जजमानी करके आ गए। गोरखपुर महोत्सव में लोक गायिका मैथिली ठाकुर पहुंची। उन्होंने पहले भजन गाया। ले चल अपनी नगरिया अवध बिहारी सांवरिया सरयू के तीर अयोध्या नगरी, सत्य भरे जहां गगरिया। इसके बाद सोहर लालना लाल होईहे हो सोहर गाया। जैसे ही उन्होंने सोहर गाया कार्यक्रम पांडाल तालियों से गूंज गया। लोग कुर्सियों से उठकर डांस करने लगे।



### आज गोरखपुर भी विकास की तरफ बढ़ रहा

काशी और प्रयागराज में भी विकास हुआ। दक्षिण भारत से लोग आते हैं। लखनऊ आते हैं तो कहते हैं कि क्या ये वही लखनऊ है। पहले बहुत गंदा था। सड़कें संकरी थी। सूरज डूबने के बाद घर से बाहर निकलने में डरते थे। भारत आगे बढ़ रहा है तो समृद्धि के साथ उप्र और गोरखपुर भी बढ़ रहा है। इस बार गोरखपुर महोत्सव का शुभारंभ रविवार (11 जनवरी) को प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने किया था। महोत्सव के पहले दिन बॉलीवुड गायक वरुण जैन व तनिष्ठा पुरी ने अपने सुरों का जलवा बिखेरा था। 12 जनवरी यानी महोत्सव के दूसरे दिन पवन सिंह ने भोजपुरी नाइट में खूब तालियां बटोरीं। महोत्सव के अंतिम दिन यानी 13 जनवरी की शाम रैपर और गायक बादशाह पहुंचेंगे।

### सीएम ने 6 लोगों को गोरखपुर रत्न से सम्मानित किया

इससे पहले रामगढ़ताल के सामने चंपा देवी पार्क में चल रहे महोत्सव के औपचारिक समापन समारोह में CM ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 6 लोगों को गोरखपुर रत्न से सम्मानित किया गया। यह सम्मान खेल, विज्ञान, सामाजिक कार्य उद्योग व कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को दिया गया। सीएम ने कहा कि पिछले तीन दिनों से यहां की परंपराओं से लेकर कला संस्कृति का यह महोत्सव यहां काफी उल्लास व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र के अलग अलग पक्षों को लेकर उनका मंचन हुआ।

### सीएम बोले- पहले गोरखपुर में गुंडाराज था

साल 2017 से पहले देश आगे बढ़ रहा था, मगर गोरखपुर विकास में पीछे छूट गया था। 2017 के पहले और आज के गोरखपुर में जमीन आसमान का अंतर देखने को मिलेगा। यहां गुंडाराज था। माफियाराज था। विकास नहीं था। बिजली नहीं थी। गंदगी थी। गंदगी से मच्छर थे। ये मच्छर और माफिया एक दूसरे के पूरक हैं। जब समाज स्वच्छता के प्रति जागरूक नहीं होता है तो ऐसा ही होता है।



### रवि किशन बोले- मुख्यमंत्री ने इसे रोजगार महोत्सव बना दिया

रविकिशन ने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस महोत्सव को रोजगार महोत्सव बना दिया है। भोजपुरी विधा के कलाकारों के लिए गोरखपुर महोत्सव बहुत बड़ा मंच है। सबसे ज्यादा उत्साह विज्ञान भवन में दिखा। पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक के बाद बच्चों में बहुत रचनात्मकता आयी है। 2027 में 2017 से बड़ी जीत मुख्यमंत्री के नेतृत्व में होने जा रही है। 25 करोड़ की आबादी है।

## एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को चुनाव आयोग के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई। EC की ओर से सीनियर वकील राकेश द्विवेदी ने कहा कि SIR के तहत आयोग सिर्फ यह तय करता है कि कोई व्यक्ति वोटर लिस्ट में रहने के योग्य है या नहीं। इससे सिर्फ नागरिकता वेरिफाई की जाती है। उन्होंने साफ किया कि SIR से किसी का डिपोर्टेशन (देश से बाहर निकालना) नहीं होता, क्योंकि देश से बाहर निकालने का अधिकार केवल केंद्र सरकार के पास है। द्विवेदी ने संविधान सभा की बहसों और सरबानंद सोनोवाल केस का हवाला देते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया में नागरिकता की जांच जरूरी है। उन्होंने बताया कि इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर केवल वोटर लिस्ट से जुड़ा फैसला कर सकते हैं।

# बीजेपी और चीन में कौन सा गुप्त समझौता : कांग्रेस

### भाजपा मुख्यालय में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी और बीजेपी नेताओं की मुलाकात पर सवाल उठाए

- बैठक में भारत में चीन के राजदूत शू फेहॉन्ग भी शामिल हुए।
- बीजेपी डेलीगेशन का लीडरशिप पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने की।



तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने मंगलवार को चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (CPC) के डेलिगेशन की भाजपा नेताओं से मुलाकाता और चीन के जम्मू-कश्मीर की शक्सगाम घाटी इलाके को अपना बताने पर सवाल उठाए। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने CPC-BJP बैठक की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा- बीजेपी दफ्तर में बीजेपी नेता और CPC नेताओं के बीच मीटिंग हो रही है। BJP-चीन में कौन सा गुप्त समझौता हुआ? यह रिश्ता क्या कहलाता है?

बीजेपी डेलीगेशन का लीडरशिप पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने की। बीजेपी के विदेश मामलों के विभाग के प्रभारी विजय चौथाईवाला ने भी एक्स पोस्ट में लिखा था कि दोनों पार्टियों के बीच इंटर-पार्टी कम्युनिकेशन को बढ़ाने पर चर्चा की गई।

» (शेष पेज 06 पर)

## सीएए की तरह नए वीबी जी-राम-जी एक्ट को लेकर भी दुष्प्रचार में जुटा है विपक्ष

# मनरेगा बन गया था लूट की गारंटी : किरण रिजिजू




**विकास**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू मंगलवार को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में थे। विकसित भारत जी राम जी एक्ट पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में पहुंचे रिजिजू ने मीडिया से बातचीत में कहा कि- मनरेगा लूट-भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका था।

» (शेष पेज 06 पर)



### मनरेगा में ऐसी खामियां थी, कि चाहकर भी भ्रष्टाचार नहीं रोक पाए

रिजिजू ने पुराने मनरेगा कानून की खामियों गिनाते हुए कहा, कि उसमें ऐसी खामियां थी कि चाह कर भी भ्रष्टाचार रोक नहीं पाए। मजबूरी में पुराना कानून खत्म कर नया एक्ट लाना पड़ा।

### अब 'विकसित भारत जी राम जी एक्ट' में क्रांतिकारी बदलाव किए गए

- 100 दिनों की गारंटी को बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है।
- काम में देरी हुई तो पेनल्टी का प्रावधान।
- पूरा सिस्टम डिजिटल बनाया गया है - आईडेंटिटी, निगरानी सब ऑनलाइन।
- सैटेलाइट मैपिंग से हर प्रोजेक्ट की रियल-टाइम मॉनिटरिंग होगी।
- एक पैसे की धांधली भी नहीं हो सकेगी।

"रिजिजू ने कहा कि देश कृषि प्रधान है। खेती के सीजन में मजदूर उपलब्ध रहें, इसका भी खास ध्यान रखा गया है।"

**फास्ट न्यूज**

### एलजी ने 5 सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त किया

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के 5 सरकारी कर्मचारियों को आतंकी संगठनों के लिए काम करने के आरोप में नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। LG मनोज सिन्हा ने मंगलवार को ये कार्रवाई की। अधिकारियों के अनुसार ये सभी लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिद्दीन के लिए काम कर रहे थे।

### गलन भरी सर्दी से आफत और घने कोहरे का अलर्ट

लखनऊ। यूपी के मौसम का रंग फिर से बदलेगा। सप्ताह के अंत में एक बार फिर सुबह कोहरा और जोरदार ठंड पड़ने की संभावना है। मंगलवार यानि आज हवाओं की अधिकतम गति 11 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। लोहड़ी और मकर संक्रांति पर मौसम गलन और कड़ाके की ठंड वाला होगा। रात में बर्फीली हवाएं चलने का अनुमान है। अगले दो दिनों तक शहर का मौसम के तापमान में आंशिक बदलाव हो सकता है। दिन में खिली धूप ने दिन का तापमान बेहतर रहा।

### पतंगबाजी के लिए छतों का किराया 1.5 लाख

अहमदाबाद। मकर संक्रांति पर अहमदाबाद में 'टेरेस टूरिज्म' के ट्रेंड में तेजी आई है। इस साल भी अहमदाबाद के पोल, खाडिया और रायपुर इलाकों में सभी ऊंची छतें बुक हो चुकी हैं। छतों का किराया 20 हजार से डेढ़ लाख रुपए तक पहुंच गया है। ओल्ड अहमदाबाद में ज्यादातर परिवार अब विदेशों में बस गए हैं।

# लोगों की आवाज दबाई जा रही: राहुल

### इससे लोकतंत्र को खतरा, एक्टर विजय की फिल्म पर रोक की आलोचना की

**आरोप**

तमसा संकेत, एजेंसी

नीलगिरी। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि देश के लोकतांत्रिक ढांचे पर लगातार हमला हो रहा है और लोगों की आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग जैसे संवैधानिक संस्थानों को निशाना बनाया जा रहा है। तमिलनाडु के नीलगिरी में एक स्कूल कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे राहुल गांधी ने छात्रों से बातचीत के दौरान यह बातें कहीं। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा कि जो लोग मौजूदा विचारधारा से सहमत नहीं हैं, उन्हें धमकाया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और लोकतंत्र का मतलब है कि हर नागरिक की आवाज सुनी जाए। अगर लोगों की आवाज दबाई जाएगी, तो लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा इससे पहले राहुल ने X पर पोस्ट कर सूचना और प्रसारण मंत्रालय (I&B) के अभिनेता विजय (थलपति) की फिल्म 'जना नायकन' की रिलीज पर रोक लगाने की आलोचना की।




### राहुल गांधी के बयान की 4 प्रमुख बातें...

- शिक्षा महंगी नहीं होनी चाहिए। निजी संस्थानों के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण सरकारी शिक्षा भी जरूरी है, जिसके लिए शिक्षा बजट बढ़ाया जाना चाहिए।
- अरावली पहाड़ियों के मुद्दे पर मैं सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर टिप्पणी नहीं कर सकता। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर विकास नहीं किया जा सकता। अरावली जैसे मुद्दे बेलगाम लालच का नतीजा हैं।
- हमने IT सेक्टर में काफी अच्छा किया है। आज चीनियों ने मैन्युफैक्चरिंग पर कब्जा कर लिया है। हम जो कुछ भी इस्तेमाल करते हैं, यह माइक्रोफोन, कैमरा, ये सभी चीजें चीन में बनी हैं। और हम चाहते हैं कि ये भारत में बनें। ऐसा करने के लिए, हमें मानसिकता बदलनी होगी।
- आज हम रोज IT, AI और डेटा की बात सुनते हैं। इसे सूचना का युग कहा जाता है, जहां जानकारी आसानी से मिल जाती है। ऐसे स्कूलों का काम ऐसे छात्र तैयार करना है, जो जानकारी को समझकर उसे ज्ञान में बदल सकें।

# प्रगति मॉडल से यूपी बना देश का इंफ्रास्ट्रक्चर ग्रोथ इंजन : योगी

### इंटेंट, टेक्नोलॉजी और अकाउंटेबिलिटी से रिजल्ट मिल रहे

तमसा संकेत, एजेंसी

*मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि डिजिटल गवर्नेंस और कोऑपरेटिव फेडरलिज्म को सशक्त बनाते हुए प्रगति ने जटिल परियोजनाओं और प्रशासनिक अड़चनों के समाधान को सरल और तेज बनाया है। यह केवल एक रिव्यू मैकेनिज्म नहीं, बल्कि एक व्यापक गवर्नेंस रिफॉर्म है, जिसने शासन को फाइल-केंद्रित संस्कृति से निकालकर फील्ड-आधारित परिणामों की दिशा में आगे बढ़ाया है।*

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन (प्रगति) केवल बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की समीक्षा का मंच नहीं है, बल्कि यह नए भारत की नई कार्यसंस्कृति और परिणामोन्मुख शासन का सशक्त प्रतीक बन चुका है। मंगलवार को आयोजित एक विशेष प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री ने कहा कि इंटेंट, टेक्नोलॉजी और अकाउंटेबिलिटी के समन्वय से शासन में ठोस और समयबद्ध परिणाम सुनिश्चित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रगति उस प्रशासनिक मॉडल का विस्तार है, जिसकी नींव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए रखी थी और वर्ष 2014 के बाद इसे राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती दी गई। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रगति के माध्यम से निर्णय प्रक्रिया में तेजी आई है, समय और लागत की बर्बादी रुकी है और केंद्र व राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय के साथ स्पष्ट जवाबदेही सुनिश्चित हुई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रगति मॉडल



की अवधारणा वर्ष 2003 में गुजरात में 'स्वागत' (स्टेट वाइड अटेंशन ऑन गवर्नेंस बाई एप्लिकेशन) के रूप में शुरू हुई थी।

» (शेष पेज 06 पर)

**टिप्पणी : जो आवारा कुत्तों को लेकर चिंतित, वे अपने घर ले जाएं, उन्हें ऐसे नहीं छोड़ सकते**

# कुत्ते के काटने पर भारी मुआवजा तय होगा : सुप्रीम कोर्ट

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के हमलों पर सख्त टिप्पणी की। अदालत ने कहा, 'बच्चों या बुजुर्गों को कुत्तों के काटने, चोट लगने या मौत के हर मामले में हम राज्य सरकारों से भारी मुआवजा दिलवाएंगे, क्योंकि उन्होंने पिछले 5 सालों में नियमों को लागू करने के लिए कुछ नहीं किया।' जस्टिस संदीप मेहता ने महिला वकील की दलील पर कहा- क्या आप सच में ऐसा कह रही हैं? एक वकील ने अभी-अभी हमें सड़कों पर रहने वाले अनाथ बच्चों के आंकड़े दिखाए। शायद कुछ वकील उन बच्चों को गोद लेने की पैरवी कर सकते हैं।

» (शेष पेज 06 पर)

### महिला वकील बोली- सड़कों से बच्चों को हटाना चाहिए, कुत्तों को नहीं

एक अन्य महिला वकील ने अपनी दलीलें पेश करते हुए कहा- जब रेलवे स्टेशन पर एक छोटी बच्ची के बगल में कोई आवारा कुत्ता सो रहा होता है, तो उसके साथ रेप नहीं होगा। एक महिला होने के नाते, मुझे दिल्ली में उन कुत्तों के साथ चलने में सुरक्षित महसूस होता है। अगर मुझ पर कोई हमला करेगा, तो वे भौंकेंगे।



"कोर्ट ने कहा, 'आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वालों की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी। अगर आपको इन जानवरों से इतना प्यार है, तो इन्हें अपने घर क्यों नहीं ले जाते। ये कुत्ते सड़कों पर क्यों घूमते रहें, लोगों को काटें और डराएं। उन्हें हम ऐसे ही नहीं छोड़ सकते।' जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा, 'कुत्तों में एक खास तरह का वायरस होता है"

# प्रयागराज माघ मेले में लगी आग

### फायरकर्मी-संतों ने डेढ़ घंटे में आग बुझाई

- आग से शिविर के कई टेंट जलकर राख हो गए। बचावकर्मी आग पर काबू पाने में जुटे।
- आग लगने के बाद अफरा-तफरी मच गई। बच्चे-बूढ़े भागने लगे।
- आग की सूचना पर फायर फाइटर्स मौके पर पहुंचे।



तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। प्रयागराज माघ मेले में लगे नारायण शुक्ला धाम शिविर में मंगलवार शाम आग लग गई। इससे 15 टेंट और 20 दुकानें जलकर राख हो गईं। शिविर में कल्पवास कर रहे लोग जान बचाकर भागे। एक कल्पवासी के झुलसने की सूचना है। शिविर सेक्टर 5 में है।

www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 289 ||अम्बेडकरनगर
बुधवार
14 जनवरी 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹ 2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा

# दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 06:57
सूर्यास्तः 05:34
अधिकतमः 17:00
न्यूनतमः 07:00



पेज 07

विशेष समाचार भारत ने बुनियादी ढाँचे के ... >> पेज 04 | केबिन में मिले तीन युवकों के ... >> पेज 06 | बॉर्डर 2 के इवेंट में इमोशनल हुए ...

## जिद्दी बनते जा रहे, हमें रवि किशन की नकल नहीं करनी

# बच्चों को स्मार्टफोन देना अपराध : योगी



तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर। 'दुधमुंहे बच्चे को स्मार्टफोन पकड़ाना अपराध है। ये अपराध मत कीजिए। स्मार्टफोन बच्चों को देंगे तो वह जिद्दी हो जाएगा। डिप्रेशन का शिकार हो जाएगा। जब भी यात्रा पर हों तो स्मार्टफोन साइलेंट कर दीजिए। सड़क हादसे हो रहे हैं। पूरा परिवार खत्म हो रहा है। मोबाइल का इस्तेमाल करते हुए अनजान लोगों पर भरोसा न करें। ऐसा करते हैं तो साइबर ठगी का शिकार बनते हैं। जब शॉर्टकट से पैसा कमाना चाहते हैं तो डिजिटल अरेस्ट होते हैं।' यह बात सीएम योगी ने गोरखपुर महोत्सव के समापन कार्यक्रम में कहीं। इस दौरान योगी ने सांसद रविकिशन की चुटकी भी ली। कहा- रवि किशन की नकल नहीं करनी। रवि किशन और कालीबाड़ी के बाबा की फिल्म आ रही है। शूटिंग कहां होगी, मैं नहीं जानता। लेकिन मैं चाहूंगा कि ये फिल्म यूपी में न करना, यूपी के बाहर ही करना। काली बाड़ी के बाबा की चुटकी लेते हुए योगी ने कहा कि कब लखनऊ जाकर गोरखपुर आ जाते हैं। और जब सोशल मीडिया पर फोटो डालते गईं, तब मुझे पता चलता है कि पूरी जजमानी करके आ गए। गोरखपुर महोत्सव में लोक गायिका मैथिली ठाकुर पहुंची। उन्होंने पहले भजन गाया। ले चल अपनी नगरिया अवध बिहारी सांवरिया सरयू के तीर अयोध्या नगरी, सत्य भरे जहां गगरिया। इसके बाद सोहर लालना लाल होईहे हो सोहर गाया। जैसे ही उन्होंने सोहर गाया कार्यक्रम पांडाल तालियों से गूंज गया। लोग कुर्सियों से उठकर डांस करने लगे।



### सीएम ने 6 लोगों को गोरखपुर रत्न से सम्मानित किया

इससे पहले रामगढ़ताल के सामने चंपा देवी पार्क में चल रहे महोत्सव के औपचारिक समापन समारोह में CM ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 6 लोगों को गोरखपुर रत्न से सम्मानित किया गया। यह सम्मान खेल, विज्ञान, सामाजिक कार्य उद्योग व कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को दिया गया। सीएम ने कहा कि पिछले तीन दिनों से यहां की परंपराओं से लेकर कला संस्कृति का यह महोत्सव यहां काफी उल्लास व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र के अलग अलग पक्षों को लेकर उनका मंचन हुआ।

### सीएम बोले- पहले गोरखपुर में गुंडाराज था

साल 2017 से पहले देश आगे बढ़ रहा था, मगर गोरखपुर विकास में पीछे छूट गया था। 2017 के पहले और आज के गोरखपुर में जमीन आसमान का अंतर देखने को मिलेगा। यहां गुंडाराज था। माफियाराज था। विकास नहीं था। बिजली नहीं थी। गंदगी थी। गंदगी से मच्छर थे। ये मच्छर और माफिया एक दूसरे के पूरक हैं। जब समाज स्वच्छता के प्रति जागरूक नहीं होता है तो ऐसा ही होता है।

### आज गोरखपुर भी विकास की तरफ बढ़ रहा

काशी और प्रयागराज में भी विकास हुआ। दक्षिण भारत से लोग आते हैं। लखनऊ आते हैं तो कहते हैं कि क्या ये वही लखनऊ है। पहले बहुत गंदा था। सड़कें संकरी थी। सूरज डूबने के बाद घर से बाहर निकलने में डरते थे। भारत आगे बढ़ रहा है तो समृद्धि के साथ उप्र और गोरखपुर भी बढ़ रहा है। इस बार गोरखपुर महोत्सव का शुभारंभ रविवार (11 जनवरी) को प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने किया था। महोत्सव के पहले दिन बॉलीवुड गायक वरुण जैन व तनिष्ठा पुरी ने अपने सुरों का जलवा बिखेरा था। 12 जनवरी यानी महोत्सव के दूसरे दिन पवन सिंह ने भोजपुरी नाइट में खूब तालियां बटोरीं। महोत्सव के अंतिम दिन यानी 13 जनवरी की शाम रैपर और गायक बादशाह पहुंचेंगे।



### रवि किशन बोले- मुख्यमंत्री ने इसे रोजगार महोत्सव बना दिया

रविकिशन ने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस महोत्सव को रोजगार महोत्सव बना दिया है। भोजपुरी विधा के कलाकारों के लिए गोरखपुर महोत्सव बहुत बड़ा मंच है। सबसे ज्यादा उत्साह विज्ञान भवन में दिखा। पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक के बाद बच्चों में बहुत रचनात्मकता आयी है। 2027 में 2017 से बड़ी जीत मुख्यमंत्री के नेतृत्व में होने जा रही है। 25 करोड़ की आबादी है।

### एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को चुनाव आयोग के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई। EC की ओर से सीनियर वकील राकेश द्विवेदी ने कहा कि SIR के तहत आयोग सिर्फ यह तय करता है कि कोई व्यक्ति वोटर लिस्ट में रहने के योग्य है या नहीं। इससे सिर्फ नागरिकता वेरिफाई की जाती है। उन्होंने साफ किया कि SIR से किसी का डिपोर्टेशन (देश से बाहर निकालना) नहीं होता, क्योंकि देश से बाहर निकालने का अधिकार केवल केंद्र सरकार के पास है। द्विवेदी ने संविधान सभा की बहसों और सरबानंद सोनोवाल केस का हवाला देते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया में नागरिकता की जांच जरूरी है। उन्होंने बताया कि इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर केवल वोटर लिस्ट से जुड़ा फैसला कर सकते हैं।

# बीजेपी और चीन में कौन सा गुप्त समझौता : कांग्रेस

## भाजपा मुख्यालय में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी और बीजेपी नेताओं की मुलाकात पर सवाल उठाए

- बैठक में भारत में चीन के राजदूत शू फेहॉन्ग भी शामिल हुए।
- बीजेपी डेलीगेशन का लीडरशिप पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने की।

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने मंगलवार को चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (CPC) के डेलिगेशन की भाजपा नेताओं से मुलाकाता और चीन के जम्मू-कश्मीर की शक्सगाम घाटी इलाके को अपना बताने पर सवाल उठाए। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने CPC-BJP बैठक की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा- बीजेपी दफ्तर में बीजेपी नेता और CPC नेताओं के बीच मीटिंग हो रही है। BJP-चीन में कौन सा गुप्त समझौता हुआ? यह रिश्ता क्या कहलाता है?



बीजेपी डेलीगेशन का लीडरशिप पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने की। बीजेपी के विदेश मामलों के विभाग के प्रभारी विजय चौथाईवाला ने भी एक्स पोस्ट में लिखा था कि दोनों पार्टियों के बीच इंटर-पार्टी कम्युनिकेशन को बढ़ाने पर चर्चा की गई।

>> (शेष पेज 06 पर)

## सीएए की तरह नए वीबी जी-राम-जी एक्ट को लेकर भी दुष्प्रचार में जुटा है विपक्ष

# मनरेगा बन गया था लूट की गारंटी : किरण रिजिजू



विकास

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू मंगलवार को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में थे। विकसित भारत जी राम जी एक्ट पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में पहुंचे रिजिजू ने मीडिया से बातचीत में कहा कि- मनरेगा लूट-भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका था।

>> (शेष पेज 06 पर)



### मनरेगा में ऐसी खामियां थी, कि चाहकर भी भ्रष्टाचार नहीं रोक पाए

रिजिजू ने पुराने मनरेगा कानून की खामियों गिनाते हुए कहा, कि उसमें ऐसी खामियां थी कि चाह कर भी भ्रष्टाचार रोक नहीं पाए। मजबूरी में पुराना कानून खत्म कर नया एक्ट लाना पड़ा।

### अब 'विकसित भारत जी राम जी एक्ट' में क्रांतिकारी बदलाव किए गए

- 100 दिनों की गारंटी को बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है।
  काम में देरी हुई तो पेनल्टी का प्रावधान।
- पूरा सिस्टम डिजिटल बनाया गया है - आईडेंटिटी, निगरानी सब ऑनलाइन।
- सैटेलाइट मैपिंग से हर प्रोजेक्ट की रियल-टाइम मॉनिटरिंग होगी।
- एक पैसे की धांधली भी नहीं हो सकेगी।

रिजिजू ने कहा कि देश कृषि प्रधान है। खेती के सीजन में मजदूर उपलब्ध रहें, इसका भी खास ध्यान रखा गया है।

### फास्ट न्यूज

#### एलजी ने 5 सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त किया

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के 5 सरकारी कर्मचारियों को आतंकी संगठनों के लिए काम करने के आरोप में नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। LG मनोज सिन्हा ने मंगलवार को ये कार्रवाई की। अधिकारियों के अनुसार ये सभी लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिद्दीन के लिए काम कर रहे थे।

#### गलन भरी सर्दी से आफत और घने कोहरे का अलर्ट

लखनऊ। यूपी के मौसम का रंग फिर से बदलेगा। सप्ताह के अंत में एक बार फिर सुबह कोहरा और जोरदार ठंड पड़ने की संभावना है। मंगलवार यानि आज हवाओं की अधिकतम गति 11 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। लोहड़ी और मकर संक्रांति पर मौसम गलन और कड़ाके की ठंड वाला होगा। रात में बर्फीली हवाएं चलने का अनुमान है। अगले दो दिनों तक शहर का मौसम के तापमान में आंशिक बदलाव हो सकता है। दिन में खिली धूप ने दिन का तापमान बेहतर रहा।

#### पतंगबाजी के लिए छतों का किराया 1.5 लाख

अहमदाबाद। मकर संक्रांति पर अहमदाबाद में 'टेरस टूरिज्म' के ट्रेंड में तेजी आई है। इस साल भी अहमदाबाद के पोल, खाडिया और रायपुर इलाकों में सभी ऊंची छतें बुक हो चुकी हैं। छतों का किराया 20 हजार से डेढ़ लाख रुपए तक पहुंच गया है। ओल्ड अहमदाबाद में ज्यादातर परिवार अब विदेशों में बस गए हैं।

# लोगों की आवाज दबाई जा रही: राहुल

## इससे लोकतंत्र को खतरा, एक्टर विजय की फिल्म पर रोक की आलोचना की

आरोप

तमसा संकेत, एजेंसी

नीलगिरी। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि देश के लोकतांत्रिक ढांचे पर लगातार हमला हो रहा है और लोगों की आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग जैसे संवैधानिक संस्थानों को निशाना बनाया जा रहा है। तमिलनाडु के नीलगिरी में एक स्कूल कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे राहुल गांधी ने छात्रों से बातचीत के दौरान यह बातें कहीं। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा कि जो लोग मौजूदा विचारधारा से सहमत नहीं हैं, उन्हें धमकाया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और लोकतंत्र का मतलब है कि हर नागरिक की आवाज सुनी जाए। अगर लोगों की आवाज दबाई जाएगी, तो लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा इससे पहले राहुल ने X पर पोस्ट कर सूचना और प्रसारण मंत्रालय (I&B) के अभिनेता विजय (थलापति) की फिल्म 'जना नायकन' की रिलीज पर रोक लगाने की आलोचना की।




### राहुल गांधी के बयान की 4 प्रमुख बातें...

- शिक्षा महंगी नहीं होनी चाहिए। निजी संस्थानों के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण सरकारी शिक्षा भी जरूरी है, जिसके लिए शिक्षा बजट बढ़ाया जाना चाहिए।
- अरावली पहाड़ियों के मुद्दे पर मैं सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर टिप्पणी नहीं कर सकता। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर विकास नहीं किया जा सकता। अरावली जैसे मुद्दे बेलगाम लालच का नतीजा हैं।
- हमने IT सेक्टर में काफी अच्छा किया है। आज चीनियों ने मैन्युफैक्चरिंग पर कब्जा कर लिया है। हम जो कुछ भी इस्तेमाल करते हैं, यह माइक्रोफोन, कैमरा, ये सभी चीजें चीन में बनी हैं। और हम चाहते हैं कि ये भारत में बनें। ऐसा करने के लिए, हमें मानसिकता बदलनी होगी।
- आज हम रोज IT, AI और डेटा की बात सुनते हैं। इसे सूचना का युग कहा जाता है, जहां जानकारी आसानी से मिल जाती है। ऐसे स्कूलों का काम ऐसे छात्र तैयार करना है, जो जानकारी को समझकर उसे ज्ञान में बदल सकें।

# प्रगति मॉडल से यूपी बना देश का इंफ्रास्ट्रक्चर ग्रोथ इंजन : योगी

## इंटेंट, टेक्नोलॉजी और अकाउंटेबिलिटी से रिजल्ट मिल रहे

तमसा संकेत, एजेंसी

*मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि डिजिटल गवर्नेंस और कोऑपरेटिव फेडरलिज्म को सशक्त बनाते हुए प्रगति ने जटिल परियोजनाओं और प्रशासनिक अड़चनों के समाधान को सरल और तेज बनाया है। यह केवल एक रिव्यू मैकेनिज्म नहीं, बल्कि एक व्यापक गवर्नेंस रिफॉर्म है, जिसने शासन को फाइल-केंद्रित संस्कृति से निकालकर फील्ड-आधारित परिणामों की दिशा में आगे बढ़ाया है।*

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन (प्रगति) केवल बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की समीक्षा का मंच नहीं है, बल्कि यह नए भारत की नई कार्यसंस्कृति और परिणामोन्मुख शासन का सशक्त प्रतीक बन चुका है। मंगलवार को आयोजित एक विशेष प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री ने कहा कि इंटेंट, टेक्नोलॉजी और अकाउंटेबिलिटी के समन्वय से शासन में ठोस और समयबद्ध परिणाम सुनिश्चित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रगति उस प्रशासनिक मॉडल का विस्तार है, जिसकी नींव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए रखी थी और वर्ष 2014 के बाद इसे राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती दी गई। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रगति के माध्यम से निर्णय प्रक्रिया में तेजी आई है, समय और लागत की बर्बादी रुकी है और केंद्र व राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय के साथ स्पष्ट जवाबदेही सुनिश्चित हुई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रगति मॉडल की अवधारणा वर्ष 2003 में गुजरात में 'स्वागत' (स्टेट वाइड अटेंशन ऑन गवर्नेंस बाई एप्लिकेशन) के रूप में शुरू हुई थी।



>> (शेष पेज 06 पर)

## टिप्पणी : जो आवारा कुत्तों को लेकर चिंतित, वे अपने घर ले जाएं, उन्हें ऐसे नहीं छोड़ सकते

# कुत्ते के काटने पर भारी मुआवजा तय होगा : सुप्रीम कोर्ट

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के हमलों पर सख्त टिप्पणी की। अदालत ने कहा, 'बच्चों या बुजुर्गों को कुत्तों के काटने, चोट लगने या मौत के हर मामले में हम राज्य सरकारों से भारी मुआवजा दिलवाएंगे, क्योंकि उन्होंने पिछले 5 सालों में नियमों को लागू करने के लिए कुछ नहीं किया।' जस्टिस संदीप मेहता ने महिला वकील की दलील पर कहा- क्या आप सच में ऐसा कह रही हैं? एक वकील ने अभी-अभी हमें सड़कों पर रहने वाले अनाथ बच्चों के आंकड़े दिखाए। शायद कुछ वकील उन बच्चों को गोद लेने की पैरवी कर सकते हैं।

### महिला वकील बोली- सड़कों से बच्चों को हटाना चाहिए, कुत्तों को नहीं

एक अन्य महिला वकील ने अपनी दलीलें पेश करते हुए कहा- जब रेलवे स्टेशन पर एक छोटी बच्ची के बगल में कोई आवारा कुत्ता सो रहा होता है, तो उसके साथ रेप नहीं होगा। एक महिला होने के नाते, मुझे दिल्ली में उन कुत्तों के साथ चलने में सुरक्षित महसूस होता है। अगर मुझ पर कोई हमला करेगा, तो वे भौंकेंगे।

>> (शेष पेज 06 पर)



> कोर्ट ने कहा, 'आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वालों की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी। अगर आपको इन जानवरों से इतना प्यार है, तो इन्हें अपने घर क्यों नहीं ले जाते। ये कुत्ते सड़कों पर क्यों घूमते रहें, लोगों को काटें और डराएं। उन्हें हम ऐसे ही नहीं छोड़ सकते।' जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा, 'कुत्तों में एक खास तरह का वायरस होता है

# प्रयागराज माघ मेले में लगी आग

## फायरकर्मी-संतों ने डेढ़ घंटे में आग बुझाई

- आग से शिविर के कई टेंट जलकर राख हो गए। बचावकर्मी आग पर काबू पाने में जुटे।
- आग लगने के बाद अफरा-तफरी मच गई। बच्चे-बूढ़े भागने लगे।
- आग की सूचना पर फायर फाइटर्स मौके पर पहुंचे।



तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। प्रयागराज माघ मेले में लगे नारायण शुक्ला धाम शिविर में मंगलवार शाम आग लग गई। इससे 15 टेंट और 20 दुकानें जलकर राख हो गईं। शिविर में कल्पवास कर रहे लोग जान बचाकर भागे। एक कल्पवासी के झुलसने की सूचना है। शिविर सेक्टर 5 में है।

# एसटीएफ करेगी केजीएमयू लव जिहाद जांच

## कई डॉक्टर हो सकते हैं बेनकाब, 20 दिन चली थी आंतरिक जांच

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। KGMU में कट्टरपंथी गतिविधियों और धर्मांतरण की जांच कर रही फैक्ट फाइंडिंग कमेटी की जांच सोमवार को स्थगित कर दी गई। अब इस प्रकरण की जांच STF के हाथ में आ गई है। STF की जांच और पड़ताल में कई डॉक्टर बेनकाब हो सकते हैं। यही कारण है कि कैंपस के अंदरखाने में अलग-सा माहौल दिख रहा है। इससे पहले जब 25 दिसंबर को 5 सदस्यीय जांच टीम का कुलपति ने गठन किया था, तब शायद ही किसी ने सोचा हो कि इस जांच को आगे बढ़ाने का काम STF करेगी। करीब 20 दिनों में आधा दर्जन से ज्यादा बार जांच टीम ने बैठक की और पैथोलॉजी विभाग के तमाम फैकल्टी और स्टाफ के अकेले में भी बयान दर्ज हुए। जांच के दौरान अचानक से कमेटी के टॉप एक्सपर्ट पूर्व




पुलिस महानिदेशक भावेश कुमार सिंह ने बाकी सदस्यों को बाहर कर फैकल्टी मेंबर्स से अकेले में बातचीत की। इस दौरान उनके बयान भी दर्ज हुए। साथ ही पीड़िता और उसके पिता से भी बात कर घटना की भी विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान पीड़िता से उसकी शिकायत पर एक्शन न लेने वाले फैकल्टी मेंबर्स की जानकारी भी हासिल की। इस बातचीत को भी इन रिकॉर्ड भी रखा गया है। सोमवार KGMU में दिनभर चले हाई वोल्टेज ड्रामा के बाद रात अगले 24 घंटे के लिए OPD संचालन ठप करने के निर्णय को वापस ले लिया गया। कुलपति के दबाव के चलते कर्मचारी-डॉक्टर संगठन OPD हड़ताल को 24 घंटे तक टालने को राजी हो गए।

*सूत्रों की माने तो जांच के दौरान जब पूर्व पुलिस महानिदे-शक को इस मामले में गहरी साजिश की जानकारी हुई, तभी उनके द्वारा इसकी जांच एसटीएफ को देने का निर्णय लिया गया। इसके बाद एसटीएफ का इस मामले में एंट्री हुई। इस बीच सोमवार शाम जब कुलपति डॉ.सोनिया नित्यानंद मुख्यमंत्री से मिलने पहुंची। तब खुद मुख्यमंत्री ने इस जांच के दायरे को बड़ा मानते हुए एसटीएफ से ही आगे की जांच करने की बात कही।*

### एसटीएफ को मुहैया कराए जाएंगे दस्तावेज

KGMU प्रवक्ता और फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के प्रभारी डॉ. केके सिंह कहते है कि शुरुआती जांच में कैंपस के अंदर धर्मांतरण से जुड़ा कोई गैंग सक्रिय हो, ये बात सामने नहीं आई है। पर कमेटी के एक्सपर्ट मेंबर पूर्व डीजी पुलिस भावेश कुमार ने जांच STF को सौंपने को कहा। खुद मुख्यमंत्री की तरफ से भी इसका आदेश दिया जा चुका है। इसके बाद जांच टीम के सभी दस्तावेज सील कराकर कुलपति कार्यालय में रख दिये गए है। जानकारी के मुताबिक STF ने इस मामले की जांच शुरू भी कर दी है।



### पहले डॉक्टरों ने दे दिया था अल्टीमेटम

इससे पहले यूपी राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव से नाराज KGMU (किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी) के डॉक्टरों ने 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा था- अगर FIR नहीं लिखी गई तो 13 जनवरी, मंगलवार को OPD बंद रखेंगे। सिर्फ इमरजेंसी सेवाएं चलेंगी।

### सीएम योगी से मुलाकात के बाद कुलपति ने बुलाई बैठक

मुख्यमंत्री से मिलकर लौटीं KGMU कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने सभी संगठनों की बैठक बुलाई। इस बैठक में OPD बंद करने के निर्णय को लेकर 2 वार्ता हुई।

**प्रवक्ता प्रो. केके सिंह ने बताया था- कट्टरपंथी गतिविधि को लेकर बनाई गई 7 सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग कमेटी की जांच स्थगित स्थगित कर दी गई है। मामले की जांच अब एसटीएफ ने शुरु कर दी है। केजीएमयू परिसर में सोमवार को शिक्षक संघ, रेजिडेंट्स, नर्सिंग, और कर्मचारी संघ की संयुक्त समिति की बैठक हुई।**

# महेश स्वीट्स में ग्रीन गैस कनेक्शन शुरू

## पर्यावरण अनुकूल और सुरक्षित गैस आपूर्ति सुनिश्चित

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। आज महेश स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट, साइबर हाइट्स, गोमती नगर में ग्रीन गैस लिमिटेड के कमर्शियल गैस कनेक्शन का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर दोनों कंपनियों के मैनेजिंग डायरेक्टर्स की गरिमामयी उपस्थिति में फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस नए कमर्शियल गैस कनेक्शन के शुरू होने से महेश स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट में पर्यावरण के अनुकूल, सुरक्षित एवं निर्बाध गैस आपूर्ति सुनिश्चित होगी, जिससे ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता और तेज़ सेवा प्रदान की जा सकेगी। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि ग्रीन गैस लिमिटेड द्वारा प्रदान की जा रही स्वच्छ ऊर्जा न केवल




व्यवसायिक संस्थानों के लिए लाभकारी है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। महेश स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट प्रबंधन ने ग्रीन गैस लिमिटेड का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग उनके संचालन को और अधिक सुरक्षित, किफायती एवं आधुनिक बनाएगा। इस शुभ अवसर पर दोनों कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारीगण एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## फास्ट न्यूज

### सपा कार्यकर्ता हिरासत में लिए गए

लखनऊ में सपा कार्यकर्ता हिरासत में लिए गए :मेरठ हत्याकांड के विरोध में प्रदर्शन करने उतरे थे, कानून व्यवस्था का पुतला फूंका

लखनऊ। लखनऊ समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने मेरठ में सोनू कश्यप की हत्या के विरोध में हजरतगंज चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर निशाना साधा। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कानून व्यवस्था का पुतला फूंका।

### लखनऊ में आज फिर लौटेगी कड़ाके की ठंड

लखनऊ। लखनऊ में सुबह से मौसम साफ बना हुआ है। सुबह धूप निकल आई। हालांकि, ठंडी हवा भी चल रही है। इसके चलते गलन बनी हुई है। कल से तापमान में गिरावट आएगी जिससे फिर कड़ाके की ठंड लौटने के आसार हैं। 15 जनवरी से घने कोहरे का अलर्ट है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आज लखनऊ का अधिकतम तापमान 22 और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री दर्ज किया जाएगा। दिन में धूप निकलने से तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया जाएगा। सोमवार को लखनऊ का अधिकतम तापमान 21.6 डिग्री दर्ज किया गया।

### वीबी-जीरामजी से मिलेगी सम्मानजनक मजदूरी

लखनऊ। मनरेगा से बनी योजना वीबी-जीरामजी (विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण) को लेकर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला हुई। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू इसमें शामिल हुए। वंदे मातरम् के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। किरण रिजिजू प्रेस वार्ता भी करेंगे। लोगों को बताएंगे कि वीबी-जीरामजी मनरेगा से कैसे अच्छा है।

# गंदे पानी से बच्चे-बुजुर्ग बीमार

## हुसैनगंज में इंदौर की तरह 300 घरों में आ रहा बदबूदार पानी, सड़क पर बाल्टी रखकर प्रदर्शन

- **सड़क पर गंदे पानी से भरी बाल्टियां रखकर लोगों ने प्रदर्शन किया।**
- **लोगों ने बाल्टियों में गंदा पानी भरकर सड़क पर रख दिया।**





**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। लखनऊ में लोगों के घरों में इंदौर की तरह गंदा पानी आ रहा है। इससे लोग बीमार हो रहे हैं। महात्मा गांधी विक्रमादित्य वार्ड के हुसैनगंज में लगातार गंदे पानी की समस्या से नाराज लोगों ने 13 जनवरी, मंगलवार को सड़क पर बाल्टी रखकर प्रदर्शन किया। नगर निगम और जलकल विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नगर निगम हाय-हाय के नारे लगाए। लोगों ने अधिकारियों पर सुनवाई नहीं करने का आरोप लगाया। लोगों ने बताया कि करीब 300 घरों में लगातार गंदा पानी आ रहा है। इससे अब बच्चे और बुजुर्ग बीमार हो रहे हैं। बाबू बनारसी दास के पूर्व पार्षद प्रत्याशी इस्लाम अली ने बताया कि कई दिनों से गंदे पानी की समस्या बनी हुई है। लोग बीमार हो रहे हैं। शिकायत के बाद भी कोई सुनने वाला नहीं है। नगर निगम के कर्मचारी सिर्फ टैक्स वसूली करने आ रहे हैं। गंदे पानी को शिकायत करने पर भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार समस्या की शिकायत अधिकारियों से की गई, लेकिन इसका कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया। इस स्थिति ने लोगों में भारी रोष और निराशा पैदा कर दी है।

### कीचड़ का पानी आ रहा, दुर्गंध आती है

अख्तर जहां ने कहा कि गटर का गंदा पानी आने के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। शिकायत के बाद भी कोई सुन नहीं रहा है। सिर्फ कुछ देर तक ही पानी आता है। ऐसे में समस्या बनी हुई है। शिकायत करने पर सुनवाई नहीं होती है। राम कुमारी ने कहा कि आधा घंटे पानी देते हैं। वह भी गंदा आता है। इससे दुर्गंध आती है। अधिकारी नहीं आते हैं। पूजा ने कहा कि गर्मियों से पानी सही से नहीं आ रहा है। अब रात में भी पानी नहीं आ रहा। मोटर चलाते हैं तो भी पानी नहीं आता है। आता भी है तो कीचड़ का पानी आता है। हम लोगों के यहां पर टंकी नहीं हो तो पीने का पानी भी नहीं आए। बाहर बोरिंग से कॉलोनी के लोग पानी भरने को मजबूर हैं।

# स्टांप शुल्क में ऐतिहासिक राहत: योगी सरकार का बड़ा फैसला

## पारिवारिक बंटवारा, दान विलेख और महिलाओं की रजिस्ट्री पर भारी छूट

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार आम नागरिकों, महिलाओं, छोटे व्यवसायियों और परिवारों को राहत देने के उद्देश्य से स्टांप एवं पंजीयन शुल्क से जुड़ी महत्वपूर्ण सुधारात्मक पहल कर रही है। इसके तहत, दान विलेख, किरायेदारी विलेख और महिलाओं के पक्ष में रजिस्ट्री पर बड़ी रियायत प्रदान की जा रही है। योगी सरकार का लक्ष्य है कि संपत्ति से जुड़े लेन-देन, पंजीयन, बंटवारा और दान जैसी प्रक्रियाएं सरल, किफायती और विवादरहित हों। सरकार का यह फैसला लोककल्याण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है, जिससे करोड़ों लोगों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचेगा। मंगलवार को विधान



भवन कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान स्टाम्प एवं पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने विभाग से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पारिवारिक अचल संपत्ति के बंटवारे में अब भारी खर्च नहीं करना पड़ेगा। पहले बंटवारे के दौरान लाखों रुपये का स्टांप और रजिस्ट्रेशन शुल्क देना पड़ता था, लेकिन अब पारिवारिक विभाजन विलेख पर स्टांप शुल्क 5000 और रजिस्ट्रेशन शुल्क अधिकतम 5000 तक सीमित कर दिया गया है। कुल 10 हजार रुपये में परिवार अपनी संपत्तियों का वैध और न्यायसंगत बंटवारा करा सकेंगे। इससे परिवारों में आपसी विवाद कम होंगे, अनावश्यक मुकदमे और न्यायालयों का बोझ घटेगा तथा सही समय पर संपत्ति का स्वामित्व स्थापित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का मानना है कि पारिवारिक सौहार्द सामाजिक एकजुटता की आधारशिला है और यह निर्णय उसी सोच का प्रतिबिंब है। मंत्री जायसवाल ने कहा कि महिलाओं के पक्ष में स्टांप शुल्क में बड़ी राहत दी गई है। अब महिलाओं/बेटियों के नाम दर्ज होने वाले विलेखों पर स्टांप शुल्क में 1 प्रतिशत की छूट प्रदान की गई है। पहले यह सुविधा 10 लाख के रजिस्ट्रेशन मूल्य तक सीमित थी।

# खड़ौंहां मोड़ पर दो बाइकों की टक्कर

## एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल



**तमसा संकेत, एजेंसी**

मलिहाबाद। लखनऊ के रहीमाबाद थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर खड़ौंहां मोड़ पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, यह घटना मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे हुई। रानीखेड़ा निवासी आदित्य गौतम अपनी बाइक से जा रहे थे, तभी उसी गांव के मोनू की बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि आदित्य गौतम सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत घायल आदित्य गौतम को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।

# गर्भवती इंजीनियर बेटी की सऊदी में मौत

## सब इंस्पेक्टर पिता बोले- 9 माह पहले हुई थी शादी, ससुरालवालों ने मार डाला

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। लखनऊ के चिनहट इलाके में रहने वाली नवविवाहिता की सऊदी अरब के जेद्दा में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसकी 9 माह पहले शादी हुई थी। मौत के 27 दिन के बाद मंगलवार को शव लखनऊ पहुंचा। जिसके बाद पिता ने उसके पति पर चिनहट थाने में दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। आदर्श विहार कॉलोनी, मल्हौर रोड निवासी निवासी शेर अली फायर विभाग में सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात हैं। उन्होंने इंजीनियर बेटी ऐमन की शादी 10 अप्रैल 2025 को रायबरेली निवासी आमिर से की थी। दोनों में प्रेम संबंध थे, लेकिन दोनों परिवारों की सहमति पर शादी हुई थी। उन्होंने बताया कि आमिर आए दिन बेटी के साथ मारपीट करता था। कभी ऐसा नहीं सोचा था कि उसके आमिर और उसके घर वाले बेटी की हत्या कर देंगे। पिता शेर अली ने बताया कि जब बेटी की बॉडी लखनऊ पहुंची तो परिवार ने देखा कि उसके शरीर पर कई चोट के निशान थे।



यह तस्वीर इंजीनियर ऐमन और आमिर की सगाई की है। (फाइल फोटो)

**शेर अली खान ने बताया- बेटी ऐमन खान बीटेक कंप्यूटर साइंस, सॉफ्टवेयर इंजीनियर थी। उसका निकाह 10 अप्रैल 2025 को अवध इंटरनेशनल होटल, लखनऊ में रायबरेली निवासी मोहम्मद आमिर खान से मुस्लिम रीति-रिवाज से किया था। निकाह में दामाद की मांग पर 14 तोला सोने के जेवर, 5 जोड़ी चांदी की पायल, करीब 3 लाख का फर्नीचर, 3 लाख का इलेक्ट्रॉनिक सामान और एक लाख का घरेलू सामान दियथा। बेटी के ससुरालवालों ने इनोवा कार की मांग थी। मैंने अपने नाम से किया सेल्टोस कार खरीदकर उसे दी थी।**

### बेटी ने प्रताड़ना की जानकारी दी थी

शेर अली ने बताया- बेटी ने कई बार फोन पर उत्पीड़न की जानकारी दी थी। अक्टूबर 2025 में ऐमन अकेले भारत लौट आई थी। प्रताड़ना की पूरी बात परिवार को बताई थी। इसके बाद उन्होंने आमिर से बातचीत कर रुपए देने का आश्वासन दिया। आमिर ने भरोसा दिलाया गया कि ऐमन को प्रताड़ित नहीं किया जाएगा। इस भरोसे पर 19 अक्टूबर 2025 को ऐमन दोबारा जेद्दा चली गई, लेकिन वहां पहुंचते ही उत्पीड़न फिर शुरू हो गया। 17 दिसंबर 2025 को बेटी से वॉट्सऐप पर हुई। बातचीत से परिजनों को हालात ठीक न होने की आशंका हुई।

### 'कार अपने नाम न होने पर दामाद ने जताई थी नाराजगी'

शेर अली ने बताया- विवाह के बाद पहली बार बेटी ससुराल पहुंची तो आमिर ने कार अपने नाम न होने को लेकर नाराजगी जताई। इसी बात पर ऐमन का आईफोन पटककर तोड़ दिया। 29 अप्रैल 2025 को आमिर सऊदी अरब चला गया। जून में ऐमन को भी वहां बुला लिया। वहां आमिर, उसका भाई उमैर और दो बहनोई राशिद और मोहम्मद रफी ने मिलकर ऐमन को मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोपियों ने ऐमन पर 20 लाख रुपए मायके से लाने का दबाव बनाया और जान से मारने की धमकियां दीं। उन्होंने बताया कि ऐमन को खाना-पानी नहीं दिया जाता था। घर से बाहर निकाला जाता था और उसका पासपोर्ट व इकामा जबरन छीन लिया गया था।

**कार्यक्रम : राज्यपाल ने युवाओं से कहा-मित्रता सोचकर करें, गलत कदम जीवन को कर सकता है प्रभावित**

# एकेटीयू में बीटेक के नए सत्र का आगाज

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। युवाओं, विशेषकर छात्राओं को इस उम्र में मित्रता बहुत सोच- समझकर करनी चाहिए, आपकी मित्रता का असर आपके कॅरिअर और जीवन को प्रभावित कर सकती हैं। आपका एक गलत कदम पूरे जीवन को प्रभावित कर सकता है ये कहना राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का। वो डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में (AKTU) के सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज में बीटेक पहले सत्र का शुभारंभ करने के बाद संबोधित कर रहीं थीं। कार्यक्रम में राज्यपाल ने आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग के डॉ. आंजनेय शर्मा और आर्किटेक्ट निशांत उपाध्याय द्वारा लिखी किताब बुंदेलखंड गार्डन, एरा फाउंडेशन द्वारा बीटेक छात्रों के लिए तैयार पाठ्यक्रम की बुकलेट का विमोचन किया। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने कहा कि विश्वविद्यालय एआई यूनिवर्सिटी बनने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रहा है। सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज के निदेशक प्रो. वीरेंद्र पाठक ने केंद्र की अब तक की प्रगति की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रो. राजीव कुमार, कुलसचिव रीना सिंह, वित्त नियंत्रक केशव सिंह, डीन इनोवेशन प्रो. बीएन मिश्रा मौजूद रहे।



AKTU में स्टूडेंट्स को संबोधित करती राज्यपाल आनंदी बेन पटेल।

### राष्ट्र की तरक्की पर करे फोकस

राज्यपाल ने कहा कि विवेकानंद जी युवाओं को राष्ट्र की ऊर्जा और भविष्य मानते थे। उनका संदेश उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको, आज भी युवाओं को प्रेरणा देता है। इसलिए उनके जीवन के बारे में सभी को पढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत उन्नति तभी सार्थक है कि जब वह राष्ट्रीय विकास से जुड़ी हो । राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों से कहा कि वे बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुरूप अपने पाठ्यक्रमों और तकनीकी कार्यक्रमों को निरंतर अपडेट करें।



राज्यपाल को मॉडल के बारे में बताते हुए कुलपति प्रो .जेपी पांडेय।

### अंतरिक्ष विज्ञान की पढ़ाई के लिए एमओयू

राज्यपाल की उपस्थिति में AKTU और बंगलूरू स्थित संस्था जेनक्स स्पेस के बीच स्पेश टेक्नोलॉजी पर आधारित एमओयू हुआ। इसके अंतर्गत संस्था विश्वविद्यालय में स्पेस क्षेत्र में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना में सहयोग करेगी। साथ ही शिक्षकों और छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित प्रशिक्षण भी देगी।

# लखनऊ में मिले 3 शवों की पहचान नहीं हुई

## गोमती में युवती, बंथरा में महिला की लाश, गला कसी हुई युवक की डेडबॉडी मिली

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। लखनऊ में पिछले एक हफ्ते में मिले तीन अज्ञात शवों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। 7 जनवरी को गोमती नदी में युवती की लाश मिली थी। बंथरा के अमावा जंगल में 9 जनवरी को महिला का अर्धनग्न शव मिला था। वहीं, सुशांत गोल्फ सिटी थाने में भागीरथी एन्क्लेव की बाउंड्री के पास युवक का जला हुआ शव मिला था। पुलिस ने गुमशुदगी और सोशल मीडिया के जरिए तीनों की शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं सकी। उसके बाद तीनों का अज्ञात में पोस्टमॉर्टम करा दिया गया। लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी में शुक्रवार को भागीरथी एन्क्लेव के पास सड़क किनारे



झाड़ियों एक अज्ञात युवक का जला हुआ शव मिला। पुलिस जांच में पता चला युवक की उम्र 20 से 25 वर्ष के बीच है। शव को किसी चादर में बांधकर लाया गया था और फिर पहचान छुपाने के लिए आग लगाकर जलाने का प्रयास किया गया, जिससे यह करीब 50 प्रतिशत तक जल चुका था। युवक की शिनाख्त के लिए पुलिस की चार टीमें लगाई गई। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और तकनीकी माध्यमों से शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद सोमवार को पुलिस ने अज्ञात में पोस्टमॉर्टम करा दिया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में करीब एक हफ्ता पहले हत्या करने की पुष्टि हो रही है। युवक की मौत गला कसने से हुई। डीएनए सैंपल सुरक्षित रखा गया है। लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक अज्ञात अधेड़ महिला का अर्धनग्न शव मिला। शव नरायनपुर-फतेहगंज रोड किनारे अमावा जंगल में एक पुलिया के पास सुनसान जगह पर पड़ा था। मृतका की उम्र लगभग 50 वर्ष थी। उसके चेहरे और माथे पर चोट के निशान थे। महिला के बाएं पैर का पंजा गायब था।

### व्यवस्थाएं दुरुस्त करने और साप्ताहिक बाजार स्थानांतरित करने के निर्देश

# बरियावन मंडी समिति के हॉटपैड और आरआरसी सेंटर का निरीक्षण

**निर्देश**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने मंगलवार को अकबरपुर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरियावन में स्थित मंडी समिति हॉटपैड और ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित आरआरसी सेंटर का भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ परियोजना निदेशक डीआरडीए अनिल कुमार सिंह और मंडी सचिव अकबरपुर उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने मंडी परिसर की व्यवस्थाओं, संरचनाओं और साफ-सफाई की स्थिति का विस्तार से जायजा लिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मंडी



परिसर को स्वच्छ, व्यवस्थित और जनोपयोगी बनाना प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। मंडी परिसर में अव्यवस्था या गंदगी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को मंडी परिसर की बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंडी में नियमित रूप से सफाई अभियान चलाया जाए, जिससे किसानों और व्यापारियों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। जिलाधिकारी ने मंडी समिति हॉटपैड में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को और मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों और व्यापारियों को मंडी में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए।

### मंडी परिसर की स्थिति का लिया जायजा

निरीक्षण के समय मंडी परिसर में उपलब्ध चबूतरों, दुकानों, हॉटपैड क्षेत्र और अन्य निर्माणों की स्थिति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने मंडी में मौजूद सुविधाओं को और बेहतर बनाए जाने पर जोर दिया। उन्होंने मंडी सचिव को निर्देश दिए कि जर्जर चबूतरों और दुकानों की शीघ्र मरम्मत कराई जाए तथा पूरे परिसर में नियमित साफ-सफाई और रंगाई-पुताई सुनिश्चित की जाए, ताकि मंडी का स्वरूप सुव्यवस्थित और उपयोगी बन सके।

> निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि दिए गए आदेशों पर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मंडी समिति को व्यवस्थित, स्वच्छ और सुचारु रूप से संचालित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

### तालाब के चारों ओर पाथ-वे निर्माण के निर्देश

मंडी परिसर में स्थित तालाब का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने इसके चारों ओर मौजूद पेड़ों को संरक्षित रखने पर जोर दिया। साथ ही तालाब के चारों तरफ इंटरलॉकिंग के माध्यम से पाथ-वे निर्माण कराने के निर्देश दिए गए। इससे न केवल परिसर की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि आवागमन भी सुगम होगा।

# माऊख ग्राम पंचायत में नाली निर्माण पर उठे सवाल

### बिना स्वीकृति और स्टीमेट कार्य कराने का आरोप, डीएम से जांच की मांग

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। जनपद के अकबरपुर विकास खंड अंतर्गत ग्राम सभा माऊख (मयन्दी) में नाली निर्माण कार्य को लेकर विवाद सामने आया है। गांव निवासी राम कुशल ने जिला अधिकारी से शिकायत करते हुए ग्राम पंचायत में कराए जा रहे नाली निर्माण कार्य की जांच कराने की मांग की है। आरोप है कि यह कार्य बिना स्वीकृत स्टीमेट, बिना प्रशासनिक अनुमति और बिना टेंडर प्रक्रिया के कराया जा रहा है। शिकायतकर्ता का कहना है कि ग्राम प्रधान सुशीला देवी के पति आज्ञाराम द्वारा गांव में नाली का निर्माण कराया जा रहा है। नाली की अनुमानित लंबाई करीब 70 मीटर बताई जा रही है। आरोप है कि



निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप नहीं है और इसमें पारदर्शिता का अभाव है। राम कुशल ने अपनी शिकायत में यह भी उल्लेख किया है कि उक्त नाली से उनका आवास नहीं जोड़ा जा रहा है, जबकि नाली का निर्माण सार्वजनिक धन से किया जा रहा है। इससे गांव में असमानता और पक्षपात की स्थिति उत्पन्न हो रही है। शिकायतकर्ता के अनुसार, उन्होंने इस संबंध में ग्राम पंचायत अधिकारी और खंड विकास अधिकारी को भी अवगत कराया था, शिकायत में मांग की गई है कि बिना स्वीकृति, बिना स्टीमेट और बिना टेंडर के कराए जा रहे इस कथित मानकविहीन कार्य की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए।

**फास्ट न्यूज**

### जहांगीरगंज में किशोर ने सरयू नदी में लगाई छलांग

अम्बेडकरनगर। जनपद के जहांगीरगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक किशोर द्वारा सरयू नदी में छलांग लगाने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों से हुए विवाद के बाद 17 वर्षीय किशोर बेबीषेक कुमार ने नदी में कूदकर आत्मघाती कदम उठाया। घटना के बाद से पुलिस और ग्रामीणों की टीम किशोर की तलाश में जुटी हुई है।

### सम्मनपुर पंचायत भवन में बड़ी चोरी

अम्बेडकरनगर। जनपद के सम्मनपुर थाना क्षेत्र स्थित बडेपुर पंचायत भवन से बीती रात बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने पंचायत भवन का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और वहां रखे लाखों रुपये मूल्य के उपकरण तथा महत्वपूर्ण दस्तावेज चुरा लिए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सोमवार की रात अज्ञात चोर पंचायत भवन में घुसकर कंप्यूटर सिस्टम, प्रिंटर, सीपीयू, पीवीआर और अन्य जरूरी उपकरण लेकर फरार हो गए।

### पुलिस अधीक्षक ने विवेचन अधिकारियों का किया ओपन रिव्यू

अम्बेडकरनगर। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने मंगलवार को अम्बेडकरनगर जिले के इब्राहिमपुर, अलीगंज और टाण्डा थानों के विवेचन अधिकारियों का ओपन रिव्यू (ओ.आर) किया। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए कि सभी मामलों में आवश्यक साक्ष्य जुटाने, गवाहों से सही समय पर बयान लेने और कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए निस्तारण किया जाए।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत सघन अभियान

### ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई, बिना हेलमेट चालकों का चालान

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात नियमों के पालन को लेकर परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से सघन अभियान चलाया। मंगलवार को जिले के विभिन्न मार्गों पर यात्री और मालवाहक वाहनों की व्यापक चेकिंग की गई। इस दौरान ओवरलोडिंग के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई की गई और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर चालान किया गया। चेकिंग अभियान के दौरान अधिकारियों ने वाहन स्वामियों से अपील की कि वे अपने वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप अनिवार्य रूप से लगवाएं। कई स्थानों पर प्रवर्तन जांच के समय वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप भी लगवाए गए, ताकि रात के समय वाहनों की दृश्यता बढ़े और



- वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाने पर जोर।
- सड़क सुरक्षा जागरुकता रैली निकाली गई।
- पूरे माह चलेगा प्रवर्तन और जागरुकता अभियान।

दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत नगर क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर भी विशेष निरीक्षण किया गया। "नो हेलमेट, नो पेट्रोल" अभियान के तहत औचक जांच के दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

### श्रवण धाम महोत्सव- 2026 की तैयारियाँ पूर्णता की ओर, 18 से 20 जनवरी तक श्रवण धाम में होगा भव्य आयोजन

# ऐतिहासिक विरासत और आधुनिक आयोजन का संगम

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। जनपद अंबेडकर-नगर के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व वाले श्रवण धाम में आयोजित होने वाला श्रवण धाम महोत्सव–2026 अब अपने अंतिम चरण की तैयारियों में प्रवेश कर चुका है। 18 जनवरी से 20 जनवरी 2026 तक चलने वाले इस तीन दिवसीय महोत्सव को लेकर प्रशासनिक एवं विभागीय स्तर पर गतिविधियाँ तेज कर दी गई हैं। पर्यटन विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव को श्रद्धा, संस्कृति और पर्यटन के समन्वित स्वरूप के रूप में विकसित किया जा रहा है। श्रवण धाम परिसर में प्रस्तावित सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पर्यटन से जुड़े कार्यक्रमों के लिए



अनुपम शुक्ला (IAS) जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर।

मंच, पंडाल और टेंट निर्माण का कार्य तीव्र गति से जारी है। कार्यक्रम स्थल को सुव्यवस्थित और आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न एजेंसियां समन्वय के साथ कार्य कर रही हैं। दर्शकों की सुविधा, कलाकारों की प्रस्तुति और सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मंच संरचना को आधुनिक मानकों के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देश पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने महोत्सव स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया।

### घाटों का सौंदर्यीकरण और दीपोत्सव की विशेष तैयारी

श्रवण धाम के घाटों की रंगाई-पुताई और सजावट का कार्य प्रगति पर है। घाटों को उनकी ऐतिहासिक पहचान के अनुरूप संवारा जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को एक व्यवस्थित और सौंदर्यपूर्ण वातावरण मिल सके। दीपोत्सव के आयोजन को भव्य स्वरूप देने के लिए हजारों दीपों के प्रज्ज्वलन की व्यवस्था की जा रही है। इस कार्य में आधुनिक तकनीक का उपयोग कर विद्युत एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को मजबूत किया गया है।

### जनपदवासियों और श्रद्धालुओं से सहभागिता की अपील

प्रशासन की ओर से जनपदवासियों और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं से महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील की गई है। बताया गया कि यह महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि श्रवण क्षेत्र की ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को व्यापक मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर है।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और आधुनिक कार्यक्रमों का संयोजन

महोत्सव के दौरान विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें पारंपरिक लोकनृत्य, संगीत प्रस्तुतियां, कवि सम्मेलन और विशेष लेजर शो शामिल हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से श्रद्धा, इतिहास और आधुनिकता का संतुलित समन्वय देखने को मिलेगा। बच्चों और युवाओं के लिए यह आयोजन सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ने और क्षेत्रीय विरासत को समझने का अवसर प्रदान करेगा। श्रवण धाम महोत्सव–2026 को रामायण सर्किट से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पर्यटन गतिविधियों में वृद्धि के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी इसका लाभ मिलने की संभावना है।

# स्वर्गीय सूर्यपाल वर्मा राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट

### बस्ती ने बलिया को 4 रनों से हराकर बनाई सेमीफाइनल में जगह

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित स्वर्गीय सूर्यपाल वर्मा राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे क्वार्टर फाइनल मैच में मंगलवार को बस्ती ने बलिया को 4 रनों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। यह टूर्नामेंट का पहला टाई मैच रहा, जिसका परिणाम सुपर ओवर से निकला। मैच के मुख्य अतिथि वरिष्ठ न्यूरो साइकियाट्रिस्ट एवं मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जे.के. वर्मा मैदान पर उपस्थित रहे। उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और स्वर्गीय सूर्यपाल वर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। आज सुबह टॉस जीतकर



बलिया के कप्तान ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। निर्धारित 20 ओवर में बलिया ने 9 विकेट के नुकसान पर 134 रन बनाए। बलिया की ओर से अमित ने 29, दीपक 20, अभय 20 और अमन 20 रन बनाए। बस्ती की ओर से रूद्र ने तीन, गोकुल और विनय ने क्रमशः 2-2 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बस्ती ने भी 20 ओवर में 134 रन बनाए। ओपनर अमित ने 38, अजय 21, आर्यन 12 और आदित्य ने 10 रनों का योगदान दिया। बस्ती की पूरी टीम 19.5 ओवर में ऑल आउट हो गई, अंतिम बल्लेबाज माकड़ शैली में रन आउट हुआ। इस प्रकार मैच टाई हो गया और परिणाम सुपर ओवर में तय किया गया। सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए बस्ती ने बिना किसी नुकसान के 14 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बलिया की टीम केवल 10 रन ही बना सकी। बस्ती के लिए सुपर ओवर की गेंदबाजी विनय ने की, जबकि बलिया की ओर से कुलदीप ने तीन, कप्तान लोकेश और दीपक ने क्रमशः दो-दो विकेट हासिल किए। मैच में एम्पायर की भूमिका निखिल पटेल और बाकर राजा उर्फ बबलू ने निभाई।

### अकबरपुर में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली

अम्बेडकरनगर। अकबरपुर नगर में मंगलवार को विंध्य टेलेलिन्क्स लिमिटेड और जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के संयुक्त प्रयास से सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। करीब दो किलोमीटर लंबी इस पैदल रैली का उद्देश्य नागरिकों में यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। रैली गांधी तिराहा से शुरू होकर पुरानी तहसील तक आयोजित की गई। इस दौरान एआरटीओ सतेंद्र कुमार, सहायक अभियंता पवन कुमार, यातायात प्रभारी जय बहादुर यादव, परियोजना प्रबंधक सतेंद्र तिवारी और सुरक्षा अधिकारी शमशाद अंसारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जल जीवन मिशन के अधिकारी और कर्मचारी रैली में सक्रिय भागीदारी करते हुए नागरिकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक कर रहे थे। रैली के दौरान यातायात प्रभारी जय बहादुर यादव ने उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई। सड़क नियमों का पालन करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित करने के लिए चॉकलेट और पेन वितरित किए गए।

# कीटनाशक प्रतिष्ठानों पर सघन छापेमारी, छह नमूने लिए गए

### एक दुकान पर अनियमितता मिलने पर कारण बताओ नोटिस जारी

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। जनपद में कीटनाशकों की उपलब्धता, गुणवत्ता और बिक्री व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। मंगलवार को जिला प्रशासन के निर्देश पर गठित विभागीय टीम ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित कीटनाशक विक्रय प्रतिष्ठानों पर आकस्मिक छापेमारी की। इस दौरान कुल 15 प्रतिष्ठानों की जांच की गई, जिसमें छह कीटनाशक नमूनों को जांच के लिए संग्रहित किया गया। छापेमारी कार्रवाई अपर जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, उपायुक्त जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र, जिला कृषि अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी और उप कृषि निदेशक की संयुक्त टीम द्वारा की



गई। टीम ने दुकानों पर उपलब्ध कीटनाशकों की वैधता, भंडारण, बिक्री अभिलेख और लाइसेंस संबंधी दस्तावेजों की गहन जांच की। जांच के दौरान खजुरी बाजार, भीटी स्थित एग्री जंक्शन वन स्टॉप शॉप पर गंभीर अनियमितता पाई गई। निरीक्षण के समय दुकान बंद पाई गई और संबंधित विक्रेता मौके पर उपस्थित नहीं था। इसके अलावा आवश्यक अभिलेख भी प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इस पर विभागीय अधिकारियों ने संबंधित विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आगे की कार्रवाई संतोषजनक जवाब न मिलने की स्थिति में की जाएगी। छापेमारी के दौरान जिन छह कीटनाशकों के नमूने लिए गए हैं, उन्हें गुणवत्ता जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बाजार में बिक रहे कीटनाशक निर्धारित मानकों के अनुरूप हैं या नहीं। गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कीटनाशकों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। नकली, अमानक या प्रतिबंधित कीटनाशकों की बिक्री से किसानों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ फसलों को भी क्षति होती है।

**मुकाबला : दूसरे सेमीफाइनल में लखनऊ की दमदार जीत, सिटी एकेडमिक को 7 विकेट से हराया**

# इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। एएसपी विद्यापीठ, फखरपुर जलालपुर स्थित क्रिकेट ग्राउंड पर सिटी क्रिकेट अकादमी की ओर से आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मंगलवार को खेला गया। मुकाबला लखनऊ और सिटी एकेडमिक फखरपुर के बीच हुआ, जिसमें लखनऊ की टीम ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 7 विकेट से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। लखनऊ की ओर से गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन किया। नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से सिटी एकेडमिक की रन गति धीमी रही। मध्य ओवरों में तेज गेंदबाजी और स्पिन के संयोजन ने बल्लेबाजों को



खुलकर खेलने का अवसर नहीं दिया। नतीजतन, सिटी एकेडमिक की टीम 21 ओवर पूरे भी नहीं कर सकी और 108 रन पर सिमट गई। मैच में शानदार गेंदबाजी के लिए रैहबर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने तीन महत्वपूर्ण विकेट लेकर सिटी एकेडमिक की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। उनकी गेंदबाजी ने मैच की दिशा शुरुआती ओवरों में ही लखनऊ के पक्ष में मोड़ दी।

### टॉस जीतकर सिटी एकेडमिक ने चुनी बल्लेबाजी

दूसरे सेमीफाइनल में सिटी एकेडमिक फखरपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 21 ओवर के मुकाबले में सिटी एकेडमिक की पूरी टीम 108 रन पर ऑलआउट हो गई। शुरुआत से ही लखनऊ के गेंदबाजों ने सटीक लाइन और लेंथ के साथ दबाव बनाया, जिससे सिटी एकेडमिक के बल्लेबाज बड़ी साझेदारी नहीं कर सके।

### लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ की मजबूत शुरुआत

109 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ की टीम ने आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी की। शुरुआती ओवरों में ही बल्लेबाजों ने रन गति को नियंत्रण में रखा और विकेट बचाते हुए स्कोर को आगे बढ़ाया। टीम ने 16.2 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 110 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### संतुलित बल्लेबाजी से मिली आसान जीत

लखनऊ के बल्लेबाजों ने गैरजरूरी जोखिम से बचते हुए सधी हुई बल्लेबाजी की। लक्ष्य छोटा होने के बावजूद टीम ने दबाव में आने के बजाय परिस्थिति के अनुसार खेल दिखाया। तीन विकेट गिरने के बावजूद रन गति बनाए रखने से लखनऊ ने मुकाबला आसानी से जीत लिया।

> *इस जीत के साथ लखनऊ की टीम ने टूर्नामेंट के फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। लगातार संतुलित प्रदर्शन के चलते टीम का मनोबल ऊंचा है। वहीं, सिटी एकेडमिक फखरपुर का सफर सेमीफाइनल में समाप्त हो गया।*

### अग्निशामक सिलेंडर रिफिलिंग और एनओसी में खुली लूट

अम्बेडकरनगर। टांडा तहसील में अग्निशामक सिलेंडर रिफिलिंग और फायर एनओसी के नाम पर फायर विभाग द्वारा अवैध वसूली के गंभीर आरोप सामने आए हैं। स्थानीय व्यापारियों और प्रतिष्ठानों का कहना है कि विभाग के कुछ कर्मचारी निजी फर्मों के साथ मिलीभगत कर सरकारी निर्धारित शुल्क की अनदेखी कर सिलेंडर रिफिलिंग कई गुना अधिक दर पर करवा रहे हैं। के अनुसार, शासन द्वारा रिफिलिंग की निर्धारित दर काफी कम है, लेकिन टांडा क्षेत्र में दुकानदारों, होटलों, स्कूलों, रेस्टोरेंट और शॉपिंग मॉल संचालकों से प्रति सिलेंडर कम से कम 1500 से 1800 रुपये वसूले जा रहे हैं। अभियोक्ता और सूत्रों ने बताया कि टांडा फायर स्टेशन के सिपाही गिरजेश यादव और दीवान घनश्याम यादव दबाव बनाकर दुकानदारों और संस्थानों को एक ही फर्म से रिफिलिंग कराने के लिए बाध्य करते हैं। यदि कोई प्रतिष्ठान संचालक इसका विरोध करता है।

# मालीपुर क्षेत्र में बड़ी चोरी, धर्मकांटा बना निशाना

### खिड़की का जंगला काटकर इन्वर्टर

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। जनपद के मालीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सैदपुर भितरी गांव में बीती रात चोरों ने एक धर्मकांटे को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। अज्ञात चोर कटर मशीन से कमरे की खिड़की का जंगला काटकर अंदर घुसे और धर्मकांटे से जुड़ा कीमती सामान समेटकर फरार हो गए। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब एक लाख रुपये बताई जा रही है। घुरहुर गांव निवासी प्रमोद सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि सैदपुर भितरी गांव के सर्विस रोड तिराहे पर उन्होंने 'सिंह धर्मकांटा' के नाम से एक कमरा बनवाया है। इसी कमरे में धर्मकांटे से संबंधित सभी उपकरण और अन्य आवश्यक सामग्री रखी गई थी। बीती रात अज्ञात चोरों ने सुनियोजित तरीके से



कटर मशीन की मदद से कमरे की खिड़की का लोहे का जंगला काटा। घटना को अंजाम देने के बाद चोर मौके से फरार हो गए। सुबह जब स्थानीय लोग धर्मकांटे के पास पहुंचे तो खिड़की का कटा हुआ जंगला और अंदर बिखरा सामान देखकर चोरी की जानकारी हुई। इसके बाद तत्काल मालीपुर थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर मालीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

# भारत ने बुनियादी ढाँचे के विकास में एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है!

**बिखरे हुए मार्गों से एक समन्वित, उच्च क्षमता वाले नेटवर्क में परिवर्तन देश भर में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, वर्ष 2025 राजमार्ग क्षेत्र के लिए एक पुनर्गठन वर्ष को चिह्नित करता है। अनुबंध आवंटन और निर्माण लक्ष्यों पर बहुत कम प्रभाव पड़ा।**

हाँ, भारत ने बुनियादी ढाँचे के विकास में कई बड़ी उपलब्धियाँ हासिल की हैं, जिसमें सड़कों, रेलवे, विमानन और डिजिटल कनेक्टिविटी में अभूतपूर्व वृद्धि शामिल है, जो 'मेक इन इंडिया', 'पीएम गति शक्ति' और 'स्मार्ट सिटी' जैसी पहलों से प्रेरित है, जिससे कनेक्टिविटी बढ़ी है और आर्थिक विकास को गति मिली है ।भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की ओर बढ़ाया जा रहा है देश में अब दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क है, जिसमें सड़क नेटवर्क अब 63 लाख किमी से अधिक तक फैला हुआ है, जो इसे दुनिया में सबसे बड़े में से एक बनाता है, राष्ट्रीय राजमार्ग प्रणाली 2013-14 में लगभग 91,287 किमी से बढ़कर मार्च 2025 तक लगभग 1,46,204 किमी हो गई है, जो लगभग 60% की वृद्धि है। इसने लंबी दूरी की यात्रा और माल ढुलाई का समर्थन करने के लिए हाई-स्पीड कॉरिडोर और एक्सप्रेसवे पर भी ध्यान केंद्रित किया। भारतमाला चरण- I के तहत, 26,000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करने वाली परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिनमें से अब तक लगभग 19,800 किलोमीटर पूरे हो चुके हैं। इसका विस्तार बंदरगाहों और सीमावर्ती सड़कों और औद्योगिक क्षेत्रों तक हो गया है। इस कार्यक्रम के तहत 4.9 लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए हैं। यह विस्तार के इस चरण में पूंजी निवेश के दायरे को रेखांकित करता है। इसके साथ ही access-controlled 'greenfield corridor' का भी तेजी से विस्तार हुआ है। एक दशक पहले एक्सप्रेसवे के 100 किलोमीटर से भी कम से, भारत में



अब प्रमुख शहरों और औद्योगिक केंद्रों को जोड़ने वाले हजारों किलोमीटर के हाई-स्पीड कॉरिडोर हैं, जो लंबी दूरी की सड़क यात्रा में एक संरचनात्मक बदलाव को चिह्नित करते हैं। जैसे-जैसे वर्ष 2025 जैसे ही समाप्त हुआ भारत सड़क और राजमार्ग विकास भारत के बुनियादी ढांचे के विकास के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में खड़ा हो गया । एक और बदलाव यह है कि व्यापक विचार-विमर्श के बाद परिसंपत्ति मुद्रीकरण नीति को अंतिम रूप दिया गया था। इससे प्रक्रिया सरल होगी और खुदरा निवेशकों को इस आयोजन में भाग लेने का अवसर मिलेगा। अब तक कुल 1,410 किलोमीटर राजमार्ग ठेके दिए गए हैं, जो पिछले वित्तीय वर्ष के अप्रैल-दिसंबर में 3100 किलोमीटर से काफी कम है। पिछले दो वर्षों से ठेके देने की गति धीमी हो रही है और इस वर्ष गिरावट अधिक तीव्र हो गई है क्योंकि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने अप्रैल में काम शुरू करने से पहले हमारी सड़क निर्माण एजेंसियों को 90 प्रतिशत राइट ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्णय लिया था इसे अनिवार्य कर दिया गया है। मंत्रालय ने ठेके देने से पहले वन और वन्यजीव मंजूरी और रोड अंडर ब्रिज और रेल अंडर ब्रिज के लिए अनुमोदित ड्राइंग की सामान्य व्यवस्था (जीएडी) की अधिक कड़ी जांच को अनिवार्य कर दिया है। पहले तो तैयारी पूरी होने से पहले ही ठेके मिलने में देरी हो जाती थी। वर्तमान में, लगभग 4 लाख करोड़ रुपये की संयुक्त परियोजना लागत के साथ 643 चालू राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं शुरू की गई हैं और 2015-16 से स्वीकृत परियोजनाएं मूल पूर्णता कार्यक्रम से अधिक हो गई हैं। इनमें से 79 परियोजनाओं में तीन साल से अधिक की देरी हुई है। लेकिन एक बार ठेका मिलने के बाद परियोजनाओं का कार्यान्वयन तेजी से होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि पिछले वित्तीय वर्ष में स्वीकृत राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की कुल लंबाई 7538 किलोमीटर है और इस वर्ष भी यह आंकड़ा हासिल किया जा सकता है। अप्रैल-नवंबर के दौरान लगभग 4073 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया गया है, जबकि पिछले साल अप्रैल-दिसंबर में 5853 किलोमीटर का निर्माण हुआ था। यह करोड़ों था। यह 2025-25 की इसी अवधि में 1.44 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। 2024 में आम चुनावों के कारण पिछले वित्तीय वर्ष में पूंजीगत व्यय कम रहा। इस वर्ष के लिए राजमार्ग निर्माण का लक्ष्य 10,000 किमी रखा गया है, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में 10,660 किमी का लक्ष्य हासिल किया गया था। आम तौर पर, निर्माण और मंजूरी की गति वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही में बढ़ जाती है। वित्त वर्ष 26 में सड़क निर्माण की गति 9,000-9,500 किमी (लगभग 25-26 किमी/दिन) तक धीमी होने की उम्मीद है, जो FY25 में 10,660 किमी के निर्माण से कम है। FY26 की दूसरी छमाही में मंजूरी बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि मंत्रालय भूमि अधिग्रहण और पर्यावरण मंजूरी के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करता है। नवंबर 2023 में, सरकार ने परियोजना के तहत भारत को नई परियोजनाओं को देना बंद करने और 'ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे' पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया। वर्तमान में, देश भर में 6 लाख करोड़ रुपये की लागत से 10,000 किलोमीटर लंबाई के 25 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे पर काम चल रहा है।

**अशोक भाटिया**

## सम्पादकीय

# अमेरिका की निगाह ईरान पर



ईरान में दिसंबर 2025 के आखिरी दिनों में आर्थिक संकट से भड़का आंदोलन अब सत्ता के खिलाफ खुले विद्रोह में बदल चुका है। ईरान की सड़कों पर इस समय भयावह मं•ार है। एक तरफ सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के ख़िलाफ़ सड़कों पर उबाल जारी है, तो वहीं प्रदर्शनकारियों को आतंकवादी करार देते हुए उन्हें कुचला जा रहा है। लेकिन यह केवल आंतरिक हिंसा नहीं है, बाहर से अमेरिका इस आग में घी डालने का काम लगातार कर रहा है। डोनाल्ड ट्रंप भले खुद को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए सबसे योग्य मानें, असल में वे युद्ध अपराधों और मासूमों की जान लेने के दोषी ठहराए जाने चाहिए। वेनेजुएला पर तो ट्रंप अपना दावा ठोंक ही चुके हैं, अभी उन्होंने एक तस्वीर भी जारी की है, जिसमें वो खुद को वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति दिखा रहे हैं। किसी देश की संप्रभुता और सम्मान के साथ ऐसा मजाक आधुनिक सभ्यता में नहीं किया जा सकता। लेकिन ट्रंप सभ्यता, कूटनीति और नैतिकता के तकाजों को मानते ही नहीं हैं। उन्हें केवल मुनाफे की परिभाषा समझ आती है। ट्रंप ने वेनेजुएला के बाद ग्रीनलैंड हड़पने की चेतावनी दी है। उत्तर अमेरिका और आर्कटिक के बीच बसा ग्रीनलैंड ट्रंप को अपने लिए सामरिक महत्व का लगता है, लेकिन केवल इस वजह से उस पर कब्जे की इजा•ात नहीं दी जा सकती। ग्रीनलैंड डेनमार्क का अर्द्धस्वायत्त वाला देश है, यहां के लोग खुद अपना शासन चलाते हैं लेकिन विदेश नीति और सेना डेनमार्क के पास है। डेनमार्क ने साफ चेतावनी दी है कि अगर ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर सैन्य कार्रवाई की, तो नाटो खत्म हो जाएगा। फ्रांस, इटली, जर्मनी जैसे बाकी देश भी अब ट्रंप से सावधान हो चुके हैं। जब अमेरिका की पूंजीवादी विस्तारवादी नीति एशिया या अफ्रीका के देशों को अपनी चपेट में लेती रही, तो ये यूरोपीय देश लोकतंत्र और उदारवाद के नाम पर अमेरिका का साथ देते आए। मगर अब खुद उन पर आंच आनी शुरु हुई तो उन्हें समझ आ रहा है कि- बहरहाल, यूरोपीय देशों को जो खतरा अब दिख रहा है, ईरान से उसे पहले ही भांप लिया था। हालांकि इसमें ईरानी शासन की अपनी खामियां भी हैं, लेकिन उसे अपने स्तर पर सुधरने का मौका दिया जाना चाहिए, न कि इसमें बाहरी ताकतों का दखल होना चाहिए। इस समय ईरान में आर्थिक संकट से खड़े हुए आंदोलन के बाद तख्तापलट का खतरा बढ़ गया है। पिछले साल 28 दिसंबर को शुरू हुए जनआंदोलन में अब तक 5 सौ से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं और 10 ह•ार से ज्यादा लोग बंदी बनाए गए हैं। 1979 में हुई इस्लामिक क्रांति के बाद 47 साल में ऐसा आंदोलन कभी नहीं देखा गया। हालांकि इस बीच महसा अमीनी की मौत के बाद महिला अधिकारों को लेकर 2022 में आंदोलन हुआ था, लेकिन उसकी प्रकृति अलग थी। इन विरोध प्रदर्शनों पर ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि आतंकवादियों ने न केवल नागरिकों बल्कि सुरक्षा बलों को भी निशाना बनाया है, जिनका उद्देश्य देश को अस्थिर करना है। उनका यह भी कहना है कि सुरक्षाबलों ने जरूरत पड़ने लायक ही कार्रवाई की है। वहीं डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर प्रदर्शनकारियों को मारा जाता है, तो वह '•ोरदार हमला करेंगे'। ट्रंप ने कहा कि वह 'वहीं चोट देंगे, जहां सबसे ज़्यादा दर्द होगा'।' यह सड़कछाप भाषा ईरान का तेल हथियाने और उसके परमाणु कार्यक्रम बंद कराने के लिए है। पिछले साल इजरायल के जरिए एक बार यह कोशिश अमेरिका कर चुका है। इस बार ईरान के लोगों का ही इस्तेमाल किया जा रहा है। ट्रंप ने साफ कहा है कि अमेरिका ईरानी शासन का विरोध करने वालों की मदद के लिए तैयार है। हालांकि ईरान ने इसके जवाब में कहा है कि अगर ऐसा होगा, तो वो क्षेत्र में अमेरिकी सहयोगियों और उसके हितों पर हमला करेगा। इस बीच, ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस रजा पहलवी ने प्रदर्शनकारियों से सड़कों पर डटे रहने की अपील की है। 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद रेजा पहलवी के पिता ट्टू शाह पहलवी को सत्ता से हटा दिया गया था। अब ट्टू पहलवी निर्वासन में रहकर आंदोलन को नेतृत्व करने की कोशिश कर रहे हैं। इस बार पहलवी परिवार की वापसी की मांग वाले नारे भी सुने जा रहे हैं, इससे संकेत मिल रहे हैं कि कहीं ईरान में अपनी पिट्ठू सरकार बनाने की तैयारी तो अमेरिका की नहीं है। इधर ईरान में प्रदर्शन रोकने के लिए सरकार ने इंटरनेट ब्लैकआउट का सहारा लिया है, लेकिन

## भारत जैसी उभरती ...

ललित गर्ग

# बचत और खर्च का असंतुलन: नये भारत के लिए बड़ी चुनौती

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में युवाओं की भूमिका को हमेशा निर्णायक माना है और वे बार-बार यह संदेश देते रहे हैं कि बचत केवल व्यक्तिगत सुरक्षा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नींव है। उनके अनुसार उपभोग से पहले बचत की संस्कृति युवाओं में आत्मनिर्भरता, अनुशासन और दीर्घकालिक सोच का विकास करती है।**




महामारी के बाद की दुनिया केवल स्वास्थ्य के स्तर पर ही नहीं, बल्कि आर्थिक सोच और व्यवहार में भी एक बड़े संक्रमण से गुज़री है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं की अस्थिरता, भू-राजनीतिक तनाव, बढ़ती महंगाई, तकनीक-आधारित बाजार और उपभोक्तावादी संस्कृति के तीव्र प्रसार ने लोगों की खर्च करने की प्रवृत्ति को असाधारण रूप से बढ़ा दिया है। इस बदलाव का सबसे गहरा असर घरेलू बचत पर पड़ा है। भारत सहित अनेक देशों में घरेलू बचत दरें ऐतिहासिक रूप से निचले स्तर पर पहुंच चुकी हैं। उपभोग बढ़ रहा है, लेकिन भविष्य की सुरक्षा के लिए आवश्यक बचत निरंतर घटती जा रही है। यह स्थिति केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक चिंता का विषय भी बनती जा रही है। भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था के लिए घरेलू बचत सदैव विकास की रीढ़ रही है। बुनियादी ढांचे से लेकर औद्योगिक निवेश तक, भारत की विकास गाथा में घरेलू बचत की भूमिका निर्णायक रही है। परंतु आज स्थिति यह है कि विशेषकर युवा पीढ़ी में बचत की दर 10 से 15 प्रतिशत तक सिमट गई है। यह आंकड़ा किसी भी उभरती अर्थव्यवस्था के लिए संतोषजनक नहीं कहा जा सकता। जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, तब बचत और खर्च के बीच असंतुलन एक गंभीर चेतावनी के रूप में सामने आ रहा है। जन-धन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, अटल पेंशन योजना, डिजिटल बचत और निवेश के माध्यमों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने यह स्पष्ट किया है कि छोटे-छोटे नियमित निवेश भविष्य की बड़ी आर्थिक शक्ति बनते हैं। मोदी का विचार है कि जब युवा वर्ग आज अनावश्यक खर्च से बचकर बचत और उत्पादक निवेश की ओर अग्रसर होगा, तभी भारत की अर्थव्यवस्था स्थिर, समावेशी और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकेगी; क्योंकि आत्मनिर्भर युवा ही सशक्त भारत की सबसे बड़ी पूंजी है। भारतीय परंपरा में बचत को केवल आर्थिक क्रिया नहीं, बल्कि एक सद्गुण माना गया है। "आज की बचत, कल का संबल" जैसी कहावतें हमारे सामाजिक व्यवहार का हिस्सा रही हैं। गृहस्थ जीवन में संतुलन, संयम और संचय को जीवन-मूल्य के रूप में स्वीकार किया गया। बच्चों की गुल्लक, अनाज के कोठार, गहनों के रूप में सुरक्षित धन, और त्योहारों पर सीमित व सादगीपूर्ण खर्च-ये सब भारतीय जीवनशैली के अभिन्न अंग थे। संकट के समय भारतीय परिवार किसी के सामने हाथ फैलाने की बजाय अपनी जमा पूंजी और संसाधनों पर भरोसा करता था। यह आत्मनिर्भरता भारतीय समाज की शक्ति रही है। लेकिन बदलती जीवनशैली और बाजार-प्रेरित संस्कृति ने इस परंपरा को कमजोर किया है। आज 'जियो अभी' की मानसिकता, आसान कर्ज, ईएमआई संस्कृति, क्रेडिट कार्ड, ऑनलाइन शॉपिंग और सोशल मीडिया पर दिखावे की प्रतिस्पर्धा ने खर्च को एक प्रकार की पहचान बना दिया है। उपभोग अब आवश्यकता से अधिक आकांक्षा से संचालित होने लगा है। अनुभवों, ब्रांड और त्वरित संतुष्टि को प्राथमिकता देने से दीर्घकालीन वित्तीय सुरक्षा पीछे छूटती जा रही है। विशेषकर जेन-जी और युवा मिलेनियल पीढ़ी के लिए बचत एक बोझ या भविष्य की अस्पष्ट चिंता जैसी प्रतीत होने लगी है। यह स्थिति भारतीय दर्शन की मूल भावना के विपरीत है। भारतीय विचार परंपरा न अति भोग की पक्षधर है, न अति त्याग की। संयम, संतुलन और विवेक का मार्ग ही श्रेष्ठ माना गया है। यही सिद्धांत आर्थिक जीवन में भी लागू होता है। उपभोग आवश्यक है, क्योंकि इससे अर्थव्यवस्था गतिशील रहती है, रोजगार सृजन होता है और नवाचार को प्रोत्साहन मिलता है।

## ऐसे में फंस ...

सुभाष शिरढोनकर

# 'सुपर सक्सेस' के 'मकड़ जाल' में फंस चुके हैं अक्षय खन्ना



अक्षय खन्ना ने पिछले साल 'छावा' (2025) और 'धुरंधर' (2025) जैसी फिल्मों में अपनी शानदार परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीत लिया। 'छावा' (2025) में अक्षय ने खलनायक के रूप में दमदार भूमिका निभाई थी। खासकर फिल्म 'धुरंधर' (2025) में अक्षय खन्ना व्दारा अभिनीत रहमान डकैत के किरदार में उनकी जबरदस्त एक्टिंग की खूब तारीफ हुई। फिल्म ने जमकर कमाई करते हुए नए कीर्तिमान भी स्थापित किए। इस तरह साल 2025 में अक्षय खन्ना की इन दो फिल्मों की कुल कमाई करीब 1400 करोड़ रही। इसके साथ ही अक्षय खन्ना साल 2025 के सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एक्टर्स में नंबर एक पर रहे। फिल्म 'धुरंधर' (2025) की सक्सेस का दौर अभी चल ही रहा था कि अचानक खबर आ गई कि अक्षय खन्ना ने आखिरी वक्त साइन की हुई सुपरहिट फ्रेंचाइज़ी की तीसरी कड़ी 'दृश्यम 3' से किनारा कर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक मेकर्स के साथ फीस और क्रिएटिव मतभेदों के चलते इस फ्रेंचाइज़ी की अभिषेक पाठक व्दारा निर्देशित मच अवेटेड तीसरी कड़ी से अक्षय खन्ना ने खुद को अलग कर लिया। इसके कुछ दिनों पहले ही मेकर्स ने 'दृश्यम 3' की रिलीज डेट 2 अक्टूबर, 2026 की अनाउंसमेंट की थी। मेकर्स के हवाले से मिल रही खबरों के अनुसार 'धुरंधर' की अपार सफलता के बाद अक्षय खन्ना ने मेकर्स से फीस बढ़ाने की मांग भी की थी। इसके अलावा उन्होंने फिल्म में अपने ऑन-स्क्रीन लुक में भी कई बदलावों की मांग की। नतीजतन, अक्षय और फिल्म निर्माताओं के बीच मतभेद हो गए जिसके चलते अक्षय खन्ना ने आखिरकार इस प्रोजेक्ट से खुद को अलग कर लिया। इसमें कोई शक नहीं कि 'धुरंधर' (2025) की सुपर स्क्सेस के बाद अक्षय खन्ना की पॉपुलैरिटी पीक पर पहुंच चुकी है और अब वह अगले बड़े सितारे बन चुके हैं. इसे भांपते हुए ही अक्षय खन्ना ने अपनी फीस बढ़ाने का फैसला किया। अक्षय खन्ना ने 'दृश्यम 2' (2022) में शानदार परफॉर्मेंस से फैंस का दिल जीत लिया था। ऐसे में फैंस 'दृश्यम' के अगले भाग में उन्हें देखने के लिए भी काफी एक्साइटेड थे लेकिन अक्षय के इस फैसले ने फैंस के उस एक्साइटमेंट पर अचानक पलीता लगा दिया। 'दृश्यम 3' के मेकर्स तो अक्षय के इस फैसले से हैरान ही रह गए। उन्होंने अक्षय को समझाने की कोशिश की लेकिन अक्षय खन्ना को अपनी मांग एकदम जायज लग रही थी । उनके दिमाग में तो सिर्फ एक ही बात थी कि फिल्म में उनकी मौजूदगी से ऑडियंस के दिलों में फिल्म के लिए एक्साइटमेंट काफी बढ़ने वाली है। इसके पहले अक्षय खन्ना साल 2017 में कुमार मंगत व्दारा निर्मित और मनीष व्दारा निर्देशित फिल्म 'सेक्शन 357' के दौरान भी इसी तरह का खेल खेल चुके हैं।

## जरा हटके

## अन्य उल्लेखनीय ...

कमलेश पांडेय

# भारत रत्न के बनते 'खुदरा बाजार' से उठते सियासी सवाल?



अपने चहेते नेताओं को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' दिलवाने की जो होड़ नेताओं और समाजसेवियों में मची है, उससे इसकी प्रतिष्ठा पर आंच स्वाभाविक है। इसलिए सवाल उठता है कि आखिरकार देश के प्रधानमंत्री भारत रत्न जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार को 'खुदरा बाजार' क्यों बनने दे रहे हैं क्योंकि किसी को इसे देना या न देना उनका विवेकाधिकार/विशेषाधिकार समझा जाता है। इसलिए उनकी भूमिका पर सियासी सवाल उठना लाजिमी है और उनसे अपेक्षा की जाती है कि वो इसका राजनीतिक जवाब तो कतई नहीं दें! कहना न होगा कि 'भारत रत्न' भारत वर्ष का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है जिसे कला, साहित्य, विज्ञान, सार्वजनिक सेवा और अन्य क्षेत्रों में असाधारण योगदान के लिए दिया जाता है। इसकी स्थापना 2 जनवरी 1954 को राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद द्वारा की गई थी। इसलिए सियासी लाभ या तुष्टिकरण के लिए इसे प्रदान करने से इसकी राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय गरिमा उसी प्रकार से घटेगी जैसे नोबल का शांति पुरस्कार पाने की सार्वजनिक ललक से अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंफ और इस पुरस्कार की घटी है क्योंकि इस हेतु चल रही लॉबिंग से पुरस्कारों की दुनिया उसी तरह से शर्मसार हुई है जैसे विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठित पीएचडी की नियमित डिग्री के समानांतर मानद डिग्री देने के खुले कारोबार से 'डॉ' उपाधि की महत्ता शैक्षणिक व सामाजिक जगत में घटी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अब तक 53 व्यक्तियों को यह सम्मान मिल चुका है जिसमें अधिकांश राजनेता, वैज्ञानिक और समाजसेवी शामिल हैं। 1954 में प्रथम प्राप्तकर्ता सर्वपल्ली राधाकृष्णन और चक्रवर्ती राजगोपालाचारी जी रहे। शुरू में केवल जीवित व्यक्तियों को ही यह पुरस्कार मिलता था लेकिन 1955 से मरणोपरांत भी देने का प्रावधान जोड़ा गया। अन्य उल्लेखनीय प्राप्तकर्ताओं में जवाहरलाल नेहरू (1955), पुरुषोत्तम दास टंडन (1961), इंदिरा गांधी (1971), वल्लभभाई पटेल (1991), गोविंद बल्लभ पंत (1957), मोरारजी देसाई (1991), जेआरडी टाटा (1992, एकमात्र व्यवसायी), गुलजारीलाल नंदा (1997), अरुणा आसफ अली (1997), जयप्रकाश नारायण (1999), सचिन तेंदुलकर (2014, खेल क्षेत्र से पहला), अटल बिहारी बाजपेयी (2015), प्रणब मुखर्जी (2019 पूर्व राष्ट्रपति) लालकृष्ण आडवाणी (2024), पीवी नरसिम्हाराव (2024, मरणोपरांत), चौधरी चरण सिंह (2024, मरणोपरांत), कर्पूरी ठाकुर (2024, मरणोपरांत), एमएस स्वामीनाथन (2024) आदि शामिल हैं।

इन 53 पुरस्कृत शख्सियत में से अधिकतर राजनीति और विज्ञान से जुड़े हैं जबकि एक खिलाड़ी और एक व्यवसायी को भी यह पुरस्कार दिया गया है। यह पुरस्कार 1954 से दिया जा रहा है। पहले यह अधिकतम तीन लोगों को दिया गया जबकि 1999 में अधिकतम चार लोगों और 2024 में अधिकतम पांच लोगों को दिया जा चुका है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को लेकर वर्ष दर वर्ष उठती मांगें और उससे उतपन्न होने वाले सियासी, सामाजिक व सांप्रदायिक विवाद अब एक नया मोड़ ले चुके हैं और सवाल उठ रहा है कि आखिर इसे खुदरा बाजार क्यों बनने दिया जा रहा है? ऐसा इसलिए कि विभिन्न राजनीतिक दलों और समर्थकों द्वारा पहले बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर और फिर चौधरी चरण सिंह, लालकृष्ण आडवाणी, कर्पूरी ठाकुर और नरसिम्हा राव आदि के लिए जो मांगें उठाई गईं, वो धीरे धीरे पूरी हुई। यही वजह है कि हाल के वर्षों में नवीन पटनायक, नीतीश कुमार, लालू प्रसाद, मान्यवर कांशीराम, वीपी सिंह, श्रीकृष्ण सिंह समेत अन्य नेताओं व किसान नेताओं के लिए भी इसे प्रदान करने की व्यापक मांग उठ रही है जिससे भारत रत्न जैसे भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान की गम्भीरता प्रभावित होती है क्योंकि यह पुरस्कार कला, साहित्य, विज्ञान, सार्वजनिक सेवा और अन्य क्षेत्रों में असाधारण योगदान वाले व्यक्तियों को दिया जाता है। यह अजीबोगरीब बात यह कि साल 1977 में समाजवादी-राष्ट्रवादी पृष्ठभूमि वाली जनता पार्टी सरकार ने जब इसे अस्थायी रूप से बंद कर दिया था तो अब इसी पृष्ठभूमि वाले राजनेताओं में इसे पाने को लेकर सर्वाधिक होड़ क्यों मची हुई है? बता दें कि 1980 में कांग्रेस सरकार ने पुनः इस सर्वोच्च नागरिक सम्मान को प्रारम्भ किया। आमतौर पर इसे गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) पर राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाता है जिसमें पदक और प्रमाण पत्र दिए जाते हैं। प्रति वर्ष अधिकतम तीन व्यक्तियों तक सीमित रहता है हालांकि कभी-कभी इससे अधिक घोषित होते हैं। बता दें कि भारत रत्न के लिए चयन प्रक्रिया सरल लेकिन विशेष है जिसमें प्रधानमंत्री स्वयं नामों का चयन कर राष्ट्रपति को सिफारिश भेजते हैं। इसमें कोई औपचारिक नामांकन या समिति की आवश्यकता नहीं होती और जाति, लिंग या क्षेत्र के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाता। जहां तक प्रमुख नियम की बात है तो प्रति वर्ष अधिकतम तीन व्यक्तियों को यह सम्मान दिया जा सकता है हालांकि कभी-कभी इससे अधिक घोषणा हो चुकी है। यह कला, विज्ञान, साहित्य, सार्वजनिक सेवा या किसी भी क्षेत्र में असाधारण योगदान के लिए प्रदान किया जाता है और मरणोपरांत भी दिया जा सकता है। जहां तक इसके चयन प्रक्रिया की बात है तो प्रधानमंत्री खुद ही नाम तय करते हैं जो सीधे राष्ट्रपति को भेजा जाता है; हालांकि उनके मंत्रिमंडल सदस्य, मुख्यमंत्री या राज्यपाल भी उन्हें सुझाव दे सकते हैं जिसे मानना या न मानना उनके विवेक पर निर्भर करता है।

## कानपुर में 4 पुलिसवाले सस्पेंड, मंदिर के पास गोवंश का मांस मिला था

# मस्जिदों के सामने सुअर की बोटियां मिलेंगी : राहुल सोनकर



**हड़कंप**

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर में दुर्गा मंदिर के पास खेत में 100 गोवंश के अवशेष मिलने से हड़कंप मच गया। इसका पता चलते ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता पहुंच गए। कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। सड़क किनारे खड़ी कुछ गाड़ियों में तोड़फोड़ भी कर दी, जिससे कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हंगामा बढ़ते देख 5 थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंच



गोवंश के मांस, खाल और हड्डियों इस तरह टीनशेड का घेरा बनाकर उसी ने फेंका गया था।

गया। कार्यकर्ताओं को समझाने का प्रयास किया, मगर हंगामा शांत नहीं हुआ। कार्यकर्ताओं ने खेत मालिक पर गोकशी कराने का आरोप लगाया। पुलिस जांच में पता चला कि कब्रिस्तान की चहार-दीवारी से सटे एक खेत में टीन का घेरा बनाकर अवैध रूप से मवेशियों के अवशेष छिपाकर रखे गए थे। JCP ने मामले में इंस्पेक्टर समेत चार को सस्पेंड कर दिया। तनाव को देखते हुए बिल्हौर कस्बे में PAC की तैनाती की गई है। मंगलवार दोपहर नामजद दो आरोपी नादिर और कादिर को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया। इस बीच इस बीच भाजपा विधायक राहुल सोनकर बिल्हौर थाने पहुंचे। ADCP कपिल देव सिंह और थाने के स्टाफ को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया। कहा- अगर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो बिल्हौर के अंदर जितनी भी मस्जिदें हैं, उनके दरवाजों पर सुअर की बोटियां न मिले तो मेरे नाम राहुल बच्चा सोनकर नहीं। सोमवार शाम को बिल्हौर में गौरी-कुटरा मार्ग पर दुर्गा मंदिर से 300 मीटर दूर खेत में गोवंश के मांस, खाल और हड्डियों के टुकड़े मिले। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। इसके बाद विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अपने सैकड़ों समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे।



**संयुक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि प्रथम दृष्टया लापरवाही सामने आने पर इंस्पेक्टर अशोक कुमार सरोज, कस्बा प्रभारी प्रेमवीर सिंह, हलका प्रभारी आफताब आलम और हेड कॉन्स्टेबल दिलीप गंगवार को निलंबित कर दिया गया है।**

### संयुक्त पुलिस आयुक्त ने लोगों को शांत कराया

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए संयुक्त पुलिस आयुक्त आशुतोष कुमार भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने गुस्साए कार्यकर्ताओं को समझाकर शांत कराया और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। कार्यकर्ताओं ने खेत मालिक राजबाबू और कस्बा निवासी रहमान पर गोकशी कराने का आरोप लगाया। कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर भी मिलीभगत का आरोप लगाया और दोषियों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की।

## एएनटीएफ व नवाबाद थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### महिला सहित दो अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

तमसा संकेत, संवाददाता



झांसी। एएनटीएफ (एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स) और नवाबाद थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने महिला सहित दो अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्करों को करीब एक करोड़ रुपये कीमत की मॉर्फीन के साथ गिरफ्तार किया है। चौंकाने वाली बात यह रही कि महिला तस्कर करीब एक किलो 400 ग्राम मॉर्फीन की खेप को कमर पर बांधकर तस्करी कर रही थी। पुलिस के अनुसार, मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर नारकोटिक्स टीम प्रभारी चंदन सिंह और नवाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक रवि श्रीवास्तव अपनी टीम के साथ कानपुर राजमार्ग पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक संदिग्ध महिला और पुरुष बस से उतरकर कानपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर वाहन का इंतजार करते दिखाई दिए। संदेह होने पर पुलिस टीम ने दोनों को रोककर पूछताछ की। इस दौरान महिला का पेट असामान्य रूप से फूला हुआ दिखाई दिया, जिससे पुलिस को शक हुआ। महिला सिपाहियों की मदद से तलाशी कराई गई, जिसमें महिला के पेट पर बंधी पोटली से भारी मात्रा में मॉर्फीन बरामद हुई। वजन करने पर इसकी मात्रा एक किलो 400 ग्राम पाई गई। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों की पहचान उकार लाल और लीलाबाई निवासी झालावाड़, राजस्थान के रूप में हुई है।

**फास्ट न्यूज**

### गंगा में विवेकानंद क्रूज से मल-मूत्र गिरने का मामला

वाराणसी। पवित्र गंगा नदी में प्रदूषण को लेकर एक बार फिर गंभीर मामला सामने आया है। वाराणसी में संचालित विवेकानंद क्रूज से गंगा में कथित रूप से मल-मूत्र गिराए जाने का आरोप लगा है। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो नाविकों द्वारा बनाए जाने के बाद सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिससे हड़कंप मच गया है। यूपी कांग्रेस ने भी इसपर सरकार को घेरा है।

### ठंड से बुजुर्ग की अस्पताल में मौत

गाजीपुर। गाजीपुर में ठंड से गंभीर रूप से बीमार मिले एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्हें 3 जनवरी को थाना गहमर क्षेत्र के भदौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से 108 एंबुलेंस द्वारा गाजीपुर जिला अस्पताल लाया गया था। 7 जनवरी की रात करीब 10:40 बजे उनकी मृत्यु हो गई, लेकिन 72 घंटे बीतने के बाद भी उनकी शिनाख्त नहीं हो सकी। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक अजीत सिंह ने वृद्ध को प्राथमिक उपचार, दवाइयां और इंजेक्शन दिए।

### कायस्थ महासभा ट्रस्ट ने मनाई स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती

मुरादाबाद। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट ने स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती मनाई। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना एडवोकेट के दीनदयाल नगर, प्रथम स्थित निवास पर आयोजित किया गया। जयंती के अवसर पर स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान उपस्थित सदस्यों और पदाधिकारियों को मिठाई भी वितरित की गई।

## बिजनौर में जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर बैठक

तमसा संकेत, संवाददाता




बिजनौर। जनगणना 2027 को सफल और सुचारु रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला जनगणना प्रभारी जयप्रकाश यादव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार जनगणना कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। जयप्रकाश यादव ने कहा कि तहसील स्तर पर जनगणना सेल की स्थापना सुनिश्चित की जाए तथा जनगणना कार्य के लिए विशेष टीमों का गठन किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक टीम में एक तकनीकी सदस्य को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए, ताकि डाटा फीडिंग और डिजिटल कार्यों में किसी प्रकार की समस्या न उत्पन्न हो। उन्होंने अधिकारियों से नागरिकों के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने, सही एवं पूर्ण जानकारी का संकलन करने और डिजिटल माध्यमों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही सभी अधिकारियों को अपने-अपने जनगणना रजिस्टर नियमित रूप से मेंटेन करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जनगणना 2027 की तैयारियों, कार्ययोजना, मानव संसाधनों की उपलब्धता, प्रशिक्षण व्यवस्था, तकनीकी सहयोग तथा फील्ड स्तर पर किए जाने वाले कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके अलावा जनगणना से जुड़ी किसी भी समस्या के त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को सतर्क और सजग रहने के निर्देश दिए गए।

## आईएआरआई, पूसा में एमआईईटी छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण

### कृषि, माइक्रोबायोलॉजी और प्लांट फिनोमिक्स में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया

तमसा संकेत, संवाददाता



मेरठ। एमआईईटी के बायोटेक्नोलॉजी एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग के एमएससी और बीएससी के विद्यार्थियों ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआर-आई), पूसा, नई दिल्ली का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर वास्तविक शोध और प्रयोगों से जोड़ना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने आईएआरआई की तीन प्रमुख इकाइयों डिवीजन ऑफ एक्सटेंशन, डिवीजन ऑफ माइक्रोबायोलॉजी और डिवीजन ऑफ प्लांट फिनोमिक्स का दौरा किया। यहां उन्हें आधुनिक प्रयोग-शालाओं, उन्नत उपकरणों और नई शोध तकनीकों की जानकारी दी गई। डिवीजन ऑफ एक्सटेंशन में छात्रों को बताया गया कि कृषि से जुड़ी नई तकनीकें किस प्रकार किसानों तक पहुंचाई जाती हैं और उनका उपयोग खेती को बेहतर बनाने में कैसे किया जाता है। साथ ही, ग्रामीण विकास और सतत कृषि पर भी चर्चा की गई। डिवीजन ऑफ माइक्रोबायोलॉजी में विद्यार्थियों को मृदा में पाए जाने वाले उपयोगी सूक्ष्मजीवों, पौधों और सूक्ष्मजीवों के आपसी संबंध, जैव उर्वरकों तथा पर्यावरण के अनुकूल कृषि तरीकों के बारे में जानकारी मिली। छात्रों ने वैज्ञानिकों से बातचीत कर शोध कार्यों को करीब से समझा। डिवीजन ऑफ प्लांट फिनोमिक्स में पौधों की वृद्धि, उनकी सेहत और फसल सुधार से जुड़ी आधुनिक तकनीकों के बारे में बताया गया। यहां यह भी समझाया गया कि नई इमेजिंग और डेटा तकनीकें खेती और अनुसंधान को किस तरह आसान और प्रभावी बना रही हैं।

## खेतों व सिंचाई संसाधनों की चोरी का गिरोह गिरफ्तार

### बरामदगी के आधार पर संबंधित मुकदमों में धारा 317(2) की बढ़ोतरी

तमसा संकेत, संवाददाता




सूरतगंज (बाराबंकी)। जनपद में चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मोहम्मदपुर खाला थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने खेतों व सिंचाई संसाधनों की चोरी में शामिल एक सक्रिय गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया एक हाईस्पीड इंजन और ट्रॉली बरामद की है। पुलिस के अनुसार मोहम्म-दपुर खाला थाना पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आल्हेमऊ जंगल के पास से सौरभ उर्फ कृष्णा, अनुज कुमार, कुलदीप उर्फ धनपाल और रोहित उर्फ छोटू विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया। सभी आरोपी ग्राम शेखूपुर, जनपद बाराबंकी के निवासी बताए गए हैं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस द्वारा की गई सख्ती से पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की कई घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी का एक हाईस्पीड इंजन और ट्रॉली बरामद की। बरामदगी के आधार पर संबंधित मुकदमे में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 317 (2) की बढ़ोतरी की गई है। वहीं, चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के अंतर्गत जब्त कर लिया गया है।

### श्रीधराचार्य हॉस्टल का मामला, छात्र बोले- पानी नहीं, छत की पपड़ी टूटकर गिर रही

# एचबीटीयू में पैरों से आलू साफ करने पर भड़के छात्र



तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर की हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी (HBTU) के श्रीधराचार्य हास्टल में रहने वाले छात्रों ने मंगलवार सुबह डीन स्टूडेंट वेलफेयर (डीएसडब्ल्यू) ऑफिस में जाकर हंगामा किया। छात्रों का आरोप है कि सुबह के समय हास्टल की मेस में कर्मचारियों के द्वारा चप्पल पहनकर पैरों से आलू को साफ किया जा रहा था। एक छात्र ने पूरी घटना का वीडियो बनाया। वीडियो के वायरल होते ही छात्रों में आक्रोश फैल गया और सैकड़ों की संख्या में छात्र प्रशासनिक भवन पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। छात्रों ने हास्टल में बाथरुम में दरवाजे न होने, पानी न होने व कमरों की सीलिंग



टूटकर गिरने समेत कई समस्याओं को बताया है। छात्रों के हंगामे की सूचना मिलते ही डीएसडब्ल्यू प्रो. सीएल गहलोत आफिस पहुंचे और छात्रों के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत शुरु की। छात्रों ने आफिस से बाहर निकलते ही डीएसडब्ल्यू को घेरकर समस्याएं बताना शुरू किया। छात्रों ने बताया कि उनको हास्टल में मेस का खाना गुणवत्तापूर्ण नहीं मिल रहा है।

### कैंपस में निकाला पैदल मार्च

हास्टल में गड़बड़ी की सूचना मिलते ही छात्र नेता अभिजीत राय एचबीटीयू कैंपस आ गए। सबसे पहले उन्होंने डीएसडब्ल्यू से छात्रों की समस्याओं को बताया। डीएसडब्ल्यू छात्रों से क्लास में जाने को बोलते रहे। जवाब देते हुए छात्रों ने कहा कि हम सुबह से भूखें हैं, ऐसे में क्लास में कैसे जाएं। छात्रों ने मेस व हास्टल में खामियों के विरोध में कैंपस में पैदल मार्च भी निकाला। डीएसडब्ल्यू प्रो. गहलोत के हास्टल पहुंचते ही छात्रों ने उनको घेर लिया।

> **“हास्टल में रहने वाले छात्र विशाल यादव ने बताया कि आज सुबह हास्टल में चप्पल पहनकर आलू को धोया जा रहा था। बताया कि हास्टल में मेस के कर्मचारी शराब, सिगरेट व तंबाकू आदि खाकर काम करते हैं। आदित्य ने बताया कि हास्टल में सेफ्टी के नाम पर खिलवाड़ हो रहा है।”**

### योगी के बाद राजनाथ से मिलीं कानपुर मेयर

कानपुर। कानपुर में चल रहा मेयर और पार्षदों का विवाद अब प्रदेश से निकलकर राष्ट्रीय नेतृत्व तक पहुंच चुका है। मेयर प्रमिला पांडेय ने अपने बेटे बंटी पांडेय को लेकर चल रहे विरोध के बाद पहले सीएम योगी से मुलाकात की थी। अब उन्होंने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की है। वहीं दूसरी ओर अब मेयर के विरोध में खड़े सभी 6 विरोधी पार्षद अब प्रदेशाध्यक्ष पंकज चौधरी से मिलने की तैयारी कर रहे हैं। प्रदेध अध्यक्ष 16 जनवरी को कानपुर आ रहे हैं। सभी पार्षद उनके कानपुर आने पर उनसे मिलेंगे और सारी बात बताएंगे। पार्षदों का कहना है कि वह भ्रष्टाचार से जुड़ी सारी बातें प्रदेश अध्यक्ष के सामने रखेंगे। पार्षदों के साथ समझौता वार्ता फेल होने के बाद मेयर प्रमिला पांडेय लगातार पार्टी के शीर्ष नेताओं से मिल रही हैं। 7 जनवरी को सर्किट हाउस में पार्षदों के साथ प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने समझौता वार्ता कराई थी। लेकिन इस वार्ता में कोई हल नहीं निकला पाया था।

## युवक पर फायरिंग मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

तमसा संकेत, संवाददाता



बिजनौर। जनपद बिजनौर के मंडावली थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पहले एक युवक को गोली मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक पिस्टल और कारतूस बरामद किए हैं। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। यह घटना मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम श्यामीवाला में हई थी। ग्राम श्यामीवाला निवासी शुऐब उर्फ अल्लू पुत्र इरफान उर्फ भूरा ने अपने साथियों के साथ मिलकर नांगल थाना क्षेत्र के ग्राम दहीरपुर निवासी उस्मान पुत्र अय्यूब की जांघ में गोली मार दी थी। इस हमले में इमरान गंभीर रूप से घायल हो गया था।

घायल को तत्काल जिला मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित ने मंडावली थाने में शुऐब उर्फ अल्लू, सुहेल और फरमान (सभी निवासी ग्राम श्यामीवाला, मुजाहिदा पट्टी) के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी शुऐब उर्फ अल्लू पुत्र इरफान उर्फ भूरा को गिरफ्तार कर लिया। एसओ राकेश कुमार के अनुसार, आरोपी के पास से एक पिस्टल, तीन कारतूस और दो खोखे बरामद हुए हैं। पुलिस टीम अन्य फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। घटना के विस्तृत कारणों की जांच की जा रही है। घायल इमरान के परिजनों ने बताया कि घटना वाले दिन शाम 7:00 बजे इमरान भागुवाला की तरफ से आ रहा था। इसी दौरान पुल के पास कई लड़कों ने उस पर फायरिंग कर दी।

### कार्यवाई : कानपुर में क्रॉसिंग पर हरी झंडी लेकर खड़े हुए, देखते ही दौड़ा लिया

# पत्नी-बेटे के हत्यारे को इंस्पेक्टर ने रेलवे गार्ड बन पकड़ा

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर में पत्नी-बेटे के हत्यारे को इंस्पेक्टर ने रेलवे गार्ड बनकर पकड़ा। आरोपी की लोकेशन मिलते ही इंस्पेक्टर दिनेश सिंह बिष्ट रेलवे क्रॉसिंग पर पहुंचे। आरोपी उन्हें पहचान न पाए, इसलिए गेटमैन से रेलवे गार्ड की ड्रेस, हेलमेट और हरी झंडी ली। ट्रैक पर खड़े हो गए। इसी बीच, आरोपी खेतों से निकला। इंस्पेक्टर ने आरोपी को आवाज दी तो वह भागने लगा। एक किलोमीटर तक घाटमपुर इंस्पेक्टर ने हत्यारोपी का पीछा किया और पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस की टीमों को बुलाया। आज पुलिस आरोपी सुरेंद्र



रूबी, मृतक

लवांश, मृतक

सुरेंद्र यादव, आरोपी

यादव को कोर्ट में पेश करेगी। दरअसल, 11 जनवरी की रात 9 बजे सुरेंद्र ने शराब पीने का विरोध करने पर 5 महीने की गर्भवती पत्नी और ढाई साल के बेटे को बांके से काट डाला था। वारदात के बाद लाश छोड़कर फरार हो गया था, तब से पुलिस सुरेंद्र की तलाश में जुटी हुई थी। घाटमपुर इंस्पेक्टर दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि



हम लोग आरोपी सुरेंद्र की तलाश में जुटे थे। सोमवार शाम को उसकी लोकेशन उसके गांव सर्देपुर के पास मिली। इसके बाद फोन बंद हो गया था। मैंने टीम को अलर्ट किया। गांव से हाईवे की ओर आने वाले सभी रास्तों पर नाकाबंदी कर गश्त बढ़ा दी थी। मैं गोपालपुर रेलवे क्रॉसिंग पर पहुंचा। मैंने यहां गेटमैन से रेलवे गार्ड की ड्रेस और हेलमेट लिया। हाथ में हरी झंडी ली और पीला हेलमेट लगाकर रेलवे ट्रैक किनारे ढूंढने लगा। इसके बाद पुलिस की एक टीम को गांव और खेतों की ओर भेजा। इसी बीच आरोपी खेतों से निकलकर बाहर आ गया। गार्ड बने पुलिस इंस्पेक्टर ने आरोपी को आवाज दी तो वह भागने लगा। 1 किमी उसका पीछा करके मैंने पकड़ लिया। आरोपी सुरेंद्र यादव उर्फ स्वामी ने पुलिस को बताया, 'मैं बाहर से घर आया। मैंने पत्नी रूबी से खाना मांगा। मगर उसने कहा कि तुम शराब पी सकते हो तो खाना भी खुद ही बनाकर खा लो, सब्जी लाए नहीं हो। मैंने खुद आटा गूंथा और खाना बनाने लगा। तभी पत्नी शराब को लेकर मुझसे लड़ने लगी। मुझे भद्दी-भद्दी गालियां देने लगी। मुझे यह बात बर्दाश्त नहीं हुई। मुझे गुस्सा आ गया। मैंने बांके से रूबी को काट डाला। तभी मेरा बेटा रोने लगा। पकड़े जाने के डर से मैंने उसे भी मार डाला।' सर्देपुर निवासी सुरेंद्र यादव उर्फ स्वामी (35) ट्रक में खलासी का काम करता था। सुरेंद्र तीन भाइयों में सबसे छोटा था। सभी भाई अलग-अलग रहते हैं। सुरेंद्र की शादी 2021 में फतेहपुर के गौरा चुरियारा निवासी रूबी (32) से हुई थी। भाई पप्पू ने बताया- शराब की लत और रोज-रोज के झगड़े के चलते उसका परिवार बिखर गया। भाइयों में बंटवारा हो गया। रविवार रात करीब 9 बजे वह शराब पीकर घर पहुंचा। इस पर पत्नी रूबी ने विरोध किया तो दोनों में झगड़ा हो गया। गुस्साए सुरेंद्र ने बांके से पत्नी के गले पर और ढाई साल के बेटे लवांश के सिर पर कई वार कर उनकी हत्या कर दी। आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो उसने दरवाजा बंद कर लिया। तब लोगों ने सोचा कि रोज का झगड़ा है।

# पत्नी और प्रेमी ने पति का सिर काटकर कुएं में फेंका

### धड़ को ट्यूबवेल की कोठरी में छिपाया, फिरोजाबाद में लव अफेयर में वारदात

तमसा संकेत, एजेंसी

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद में पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर पति की गला काटकर हत्या कर दी। उसके सिर को बोरवेल में फेंक दिया। इसके बाद धड़ को ट्यूबवेल के कमरे में छिपा दिया। पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर आरोपी प्रेमी, उसके दोस्त और मृतक की पत्नी को गिरफ्तार किया है आरोपी ने पुलिस को बताया कि हत्या की साजिश मृतक की पत्नी ने ही रची थी। ग्रामीणों ने रविवार को एक युवक का सिर कटा शव देखा तो पुलिस को सूचना दी थी। मौके पर पहुंची नारखी पुलिस टीम ने शव की पहचान सौरभ सिंह (26) के रूप में की। वह तीन दिनों से लापता था। नारखी के जाखई गांव में रविवार को ट्यूबवेल की



पत्नी प्रीति

सौरभ, मृतक

कोठरी से एक युवक का सिर कटा धड़ मिला था। पुलिस ने गांव के ही रहने वाले सौरभ के रूप में इसकी पहचान की। सूचना पर पहुंचे सौरभ के बड़े भाई मिथुन ने भाई की पत्नी और उसके एक दोस्त पर शक जताया था। पुलिस को इसी आधार पर हत्या की जांच का एंगल मिल गया। एसएसपी सौरभ दीक्षित ने नारखी, पचोखरा और रामगढ़ थानों की पुलिस टीमों को हत्या की जांच में लगाया। पुलिस ने कॉल डिटेल, मोबाइल लोकेशन और आपसी संबंधों को लेकर पड़ताल की। जांच में सामने आया कि सौरभ की पत्नी का सूरज नाम के युवक से 2022 से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों अपने बीच सौरभ को सबसे बड़ा रोड़ा मानते थे। पत्नी प्रीति ने प्रेमी सूरज के साथ मिलकर पति सौरभ की हत्या की योजना बनाई। रविवार रात जब सौरभ खेत के लिए निकला। प्रीति ने सूरज को फोन करके बताया कि वह ट्यूबवेल पर सोने के लिए गया है। सूरज अपने दोस्त सलमान के साथ पहुंचा। दोनों ने पहले सौरभ का गमछे से गला घोंट दिया। इसके बाद उसका सिर बांके से काटकर बोरवेल में फेंक दिया। धड़ को ट्यूबवेल की कोठरी में छोड़कर फरार हो गए।

## मैंथा फैक्ट्री में सुपरवाइजर था एक, परिजनों ने फैक्ट्री मालिक पर दर्ज कराई एफआईआर, फैक्ट्री सील

# केबिन में मिले तीन युवकों के शव

- घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और हंगामा काट दिया।
- एसएसपी ने मौके पर पहुंचकर परिजनों और ग्रामीणों को समझाया।
- पुलिस ने तीनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

तमसा संकेत, एजेंसी

बदायूं। बदायूं में मैंथा फैक्ट्री के एक कमरे में तीन सिक्योरिटी गार्ड के शव मिले हैं। परिजनों ने हत्या कर शव कमरे में रखने का फैक्ट्री मालिक पर आरोप लगाया है। घटना का पता उस वक्त चला, जब सुबह कर्मचारी पहुंचे तो तीनों केबिन में




बेसुध पड़े हुए थे। हिलाकर देखा तो तीनों की मौत हो चुकी थी। इसके बाद उन्होंने पुलिस बुलाई। इधर, घटना का पता चलते ही तीनों गार्ड के परिजन पहुंच गए और हंगामा कर दिया। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया है। उनकी मांग है कि फैक्ट्री के मालिक के खिलाफ FIR दर्ज की जाए। मामला उझानी थाना क्षेत्र के गांव कुड़ा नरसिंहपुर स्थित मैंथा फैक्ट्री का है। यह वही फैक्ट्री है, जिसमें कुछ महीने पहले भीषण आग लगी थी। मृतकों की पहचान जोगेंद्र (30),

### परिजनों ने फैक्ट्री मालिक समेत तीन पर एफआईआर दर्ज कराई

जुगेन्द्र के पिता रामबहादुर ने तहरीर में बताया कि उनका बेटा जुगेन्द्र मैंथा फैक्ट्री भारत मिंट केमिकल लिमिटेड में सुपरवाइजर पद पर कार्यरत था। उसके साथ विवेक और भानू भी काम करते थे। रामबहादुर ने आरोप लगाते हुए बताया कि सोमवार–मंगलवार की रात फैक्ट्री के मालिक मनोज गोयल और नितेश गोयल ने तीनों की हत्या कर दी। इसके बाद तीनों शवों को घसीटते हुए केबिन में डाल दिया गया।

भानु (26) और विवेक यादव (27) के रूप में हुई है। SP सिटी विजयेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि परिजनों से तहरीर लेकर FIR कर ली गई है। फैक्ट्री को सील कर दिया गया है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतकों के



**बदायूं सांसद आदित्य यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा झ फैक्ट्री बंद होने के आदेश के बावजूद काम कैसे कराया जा रहा था? यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि प्रशासनिक मिलीभगत और भाजपा सरकार की ढीली निगरानी का परिणाम है।**

शरीर पर घसीटे जाने के निशान भी मौजूद हैं। इस घटना में कुछ अन्य लोग भी शामिल बताए जा रहे हैं। रामबहादुर ने आरोप लगाया कि फैक्ट्री मैनेजर राकेश भी इस मामले में शामिल है। उन्होंने यह भी बताया कि करीब एक वर्ष पहले इसी फैक्ट्री में आग लगने से एक व्यक्ति की जिंदा जलकर मौत हो चुकी है। इसके अलावा फैक्ट्री में पहले भी कई गंभीर घटनाएं घटित हो चुकी हैं। जोगेंद्र के भतीजे शिवम ने बताया, ₹मैंने सुबह आठ बजे अपने भाई को कॉल की थी। कॉल रिसीव नहीं हुई, इसलिए मैं फैक्ट्री पहुंचा। वहां मेन गेट बंद था।

### पुलिस ने फैक्ट्री को सील किया

SP सिटी विजयेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि थाना क्षेत्र उझानी के कूड़ा नरसिंहपुर में स्थित मैंथा फैक्ट्री में तीन मजदूर अंगीठी जलाकर के सो रहे थे। सवेरे देखा गया तो इसमें दो मजदूरों की मृत्यु हो चुकी थी। एक को अस्पताल भेजा गया था। जहां उसकी भी दम घुटने से मृत्यु होना पाया गया है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सड़क दुर्घटनाओं से दो की मौत

तमसा संकेत, संवाददाता



बिजनौर। जनपद में बीते 24 घंटों के दौरान अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए तीन सड़क हादसों ने दहशत फैला दी। कहीं ट्रैक्टर खाई में गिरकर आग का गोला बन गया, तो कहीं तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को रौंद दिया। वहीं घने कोहरे के कारण बारातियों से भरी बस पलट गई। इन दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से अधिक लोग घायल हुए हैं। पहली घटना हरेवली बैराज रोड पर हुई जिसमें ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और चालक की मौत हो गई। थाना शेरकोट क्षेत्र में हरेवली बैराज रोड पर सोमवार देर रात एक अर्जुन महिंद्रा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरा। हादसे के बाद ट्रैक्टर में आग लग गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दुर्घटना में चालक हीरा सिंह (34) पुत्र दरबारा सिंह, निवासी ग्राम प्रेमपुरी, थाना अफजलगढ़, गंभीर रूप से झुलस गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सीएचसी धामपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को खाई से बाहर निकालने का कार्य जारी है। दूसरी घटना में कार-बाइक भिड़ंत में बुजुर्ग की मौके पर मौत हो गई।

**फास्ट न्यूज**

### ताजमहल परिसर में 2 युवतियों का डांस

आगरा। आगरा में ताजमहल के अंदर डांस का वीडियो सामने आया है। इसमें दो युवतियां परिसर में जमकर ठुमके लगाते और REEL बनाते नजर आ रही हैं। जबकि सामने खड़ा लड़का उसे शूट कर रहा है। युवतियों ने रेड कलर और स्काई ब्लू कलर की शूट पहन रखी है। जबकि ASI (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) ने परिसर में साफ तौर पर बोर्ड लगा रखा है कि यहां डांस करना या रील बनाना सख्त मना है।

### एमजी रोड पर चलते-चलते कार में लगी आग

आगरा। आगरा के एमजी रोड स्थित साईं की तकिया चौराहे पर सोमवार देर रात चलती कार में अचानक आग लग गई। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए कार से कूदकर अपनी जान बचाई और तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार, रात करीब 10 बजे राजपुर चुंगी निवासी संदीप कुमार अपनी कार से एचडीएफसी बैंक से ड्यूटी कर घर लौट रहे थे। साईं की तकिया चौराहे के पास पहुंचते ही कार के इंजन से अचानक धुआं निकलने लगा।

### महाकुंभ वाली हर्षा रिछारिया धर्म की राह छोड़ेंगी

प्रयागराज। महाकुंभ से चर्चा में आईं हर्षा रिछारिया ने अब धर्म की राह छोड़ने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने सोमवार को वीडियो जारी कर कहा, 'महाकुंभ 2025 से शुरू हुई कहानी अब खत्म हो रही है। इस एक साल में मैंने बहुत सारे विरोध का सामना किया है। अब मौनी अमावस्या के बाद धर्म के रास्ते को छोड़ूंगी और अपने पुराने प्रोफेशन में जाऊंगी।

## फरियादियों के बीच पहुंचे डीएम, बुजुर्ग महिलाओं को दी ठंड से राहत

### कलेक्ट्रेट में जनता दर्शन के दौरान डीएम का अलग अंदाज़

तमसा संकेत, संवाददाता

भदोही। कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को आयोजित जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी शैलेष कुमार का एक संवेदनशील और मानवीय चेहरा देखने को मिला। जनता की समस्याएं सुनने पहुंचे डीएम ने न सिर्फ फरियादियों की बातों को गंभीरता से सुना, बल्कि जरूरत पड़ने पर तुरंत मानवीय सहायता भी उपलब्ध कराई। इस दौरान डीएम का व्यवहार और संवेदना बुजुर्ग फरियादियों के लिए यादगार बन गई। जनता दर्शन में फरियाद लेकर पहुंची कुछ बुजुर्ग महिलाओं ने जब ठंड लगने की शिकायत की तो जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बिना देर किए कर्मचारियों को कंबल मंगाने का निर्देश दिया। कुछ ही देर में कंबल उपलब्ध कराए गए और डीएम ने स्वयं अपने हाथों से बुजुर्ग महिलाओं को कंबल सौंपे। इस दौरान उन्होंने महिलाओं से




आत्मीयता से बातचीत करते हुए कहा कि अब आप लोगों का स्नेह और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। डीएम ने बुजुर्ग महिलाओं की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और कहा कि आपकी समस्याएं सुनकर हम बेहद प्रभावित हुए हैं। उन्होंने फरियादियों को आपसी विवादों से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि जो भी शिकायत लेकर आप लोग आए हैं, उनका समाधान प्रशासन करेगा, इसलिए भविष्य में आपस में झगड़ा करने की जरूरत नहीं है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सीधे प्रशासन के पास आने की बात उन्होंने दोहराई।

## भतीजा गिरफ्तार, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

# संपत्ति विवाद में रालोद प्रदेश सचिव अफसर अली को मारी गोली



तमसा संकेत, संवाददाता

रतगंज (बाराबंकी)। कुर्सी थाना क्षेत्र के लोहराहार गांव में सोमवार देर रात राष्ट्रीय लोकदल (RLD) के प्रदेश सचिव अफसर अली को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। यह घटना रात करीब 11:30 बजे उस समय हुई, जब वे गांव की एक दुकान के पास ग्रामीणों से बातचीत कर रहे थे। प्रारंभिक जांच में पुलिस के अनुसार यह हमला संपत्ति बंटवारे के पुराने विवाद में उनके सगे भतीजे उबैद ने किया। फायरिंग में अफसर अली के सीने में गोली के छर्रे लगे, जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई। घटना की आवाज सुनते ही गांव में दहशत फैल गई। परिजन और ग्रामीण उन्हें तुरंत डॉ. राम मनोहर



लोहिया अस्पताल, लखनऊ लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने उनकी हालत में सुधार होने के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है। अफसर अली लंबे समय से राजनीति में सक्रिय हैं और वर्तमान में जयंत चौधरी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय लोकदल में प्रदेश सचिव के पद पर कार्यरत हैं। उनकी तस्वीरें रालोद प्रदेश अध्यक्ष जयंत चौधरी और उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री बृजेश पाठक के साथ भी सामने आई हैं। इस घटना के बाद राजनीतिक हलकों में भी चर्चा का माहौल है। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।

### जमीनी विवाद से जुड़ा हमला

अफसर अली ने पुलिस को बताया कि उनकी पैतृक जमीन पर उनके बड़े और सबसे छोटे भाई खेती करते हैं। करीब दो महीने पूर्व जमीन के बंटवारे को लेकर उन्होंने एसडीएम न्यायालय में मुकदमा दायर किया था। इसी विवाद को लेकर भतीजा उबैद उनसे रंजिश रखता था और मौके का फायदा उठाकर हमला कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और परिजनों से पूछताछ की। इलाके के सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

### आरोपी गिरफ्तार, पूछताछ जारी

मुख्य आरोपी उबैद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि जमीन के विवाद के कारण उसने यह हमला किया। अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। अफसर अली लंबे समय से राजनीति में सक्रिय हैं और वर्तमान में राष्ट्रीय लोकदल (RLD) के प्रदेश सचिव के पद पर कार्यरत हैं। उनकी तस्वीरें RLD अध्यक्ष जयंत चौधरी और उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री बृजेश पाठक के साथ भी सामने आई हैं। घटना के बाद राजनीतिक हलकों में चर्चा का माहौल है।

# आज से शाहगंज रेलवे फाटक 6 दिनों के लिए बंद

### लोगों को 5 डेघूमकर आना पड़ेगा, आसपास के क्षेत्र होंगे प्रभावित

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा में शाहगंज बाजार स्थित रेलवे फाटक नंबर 77 पर लाइन बदलने का काम चल रहा है। यह कार्य 6 दिन तक चलेगा। इसके लिए फाटक को 13 से 18 जनवरी तक बंद किया गया है। रेलवे ने वैकल्पिक रास्ते से निकलने के लिए लोगों से अपील की है। जिससे रेलवे कर्मचारियों को कार्य करने में परेशानी न हो। और लोगों की सहूलियत के लिए कार्य जल्दी हो सके। रेलवे कर्मचारियों ने बताया- फाटक पर लगी पटरी खराब हो गई है। नीचे से पटरी गल चुकी है। इसी वजह से इन्हें बदला जा रहा है। बता दे इस फाटक से हजारों की संख्या में लोग यहां से निकलते है। शहर की आधी



आबादी इसी फाटक से निकलती है। फाटक बंद होने से आसपास क्षेत्र प्रभावित होगा। इससे शाहगंज बाजार में आए लोगों को काफी परेशानी होगी। और इससे जाम की स्थिति बनी रहेगी। वहीं मलपुरा और धनौली की ओर से आने वाले लोगों को लगभग 6 किमी लंबा घूम कर आना पड़ेगा। आगरा के शाहगंज में उत्तर मध्य रेलवे के ईदगाह-बांदीकुई खंड पर फाटक सं- 77/SPL (शाहगंज) 81/4-A से 81/4-C पर अनुरक्षण कार्य के कारण सड़क यातायात को वैकल्पिक मार्ग से गुजारने की व्यवस्था की गई है। यह कार्य 13 जनवरी 2026 से 18 जनवरी 2026 तक चलेगा, जिसके दौरान सड़क यातायात बंद रहेगा। रेलवे प्रशासन ने बताया कि यह कार्य सुरक्षा की दृष्टि से अति आवश्यक है और इसे सड़क यातायात रोके बिना नहीं किया जा सकता है। इसलिए, रेलवे ने वैकल्पिक मार्ग खेरिया पुल-ईदगाह मार्ग से गुजारने की व्यवस्था की है। जन-साधारण से अनुरोध है कि वे इस कार्य में सहयोग प्रदान करें और वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें। रेलवे प्रशासन ने बताया कि वे यात्रियों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करेंगे।

### मकर संक्रांति पर डीएम मृदुल चौधरी ने दी शुभकामनाएं

झांसी। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने मंकर संक्रांति और खिचड़ी पर्व पर जनपदवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने लोगों से मंकर संक्रांति तथा खिचड़ी पर्व के समस्त अनुष्ठानों में स्वच्छता का पूर्ण पालन करने की अपील की है।जिला–धिकारी मृदुल चौधरी ने कहा कि हिंदू धर्म में मकर संक्रांति का बहुत अधिक महत्व होता है। सूर्य उदयातिथि की 15 जनवरी को हो रही है, इसलिए मकर संक्रांति 15 जनवरी को मनायी जा रही है। इस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेगा। इस दिन लोग दही–चुरा, गुड़ और तिल के लड्डू खाते हैं। दिन में इस दिन पतंग उड़ाने की भी परंपरा है। जिलाधिकारी ने जनपद में आयोजित होने वाले मंदिर एवं पावन नदियों के समीप संक्रांति मेले के दृष्टिगत उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह आयोजन स्वच्छता, सुरक्षा तथा सुव्यवस्था के उच्च मापदण्डों के आधार पर सम्पन्न कराए जाएं। प्रशासन द्वारा समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# स्वास्थ्य परीक्षण में एनएसएस का रहा महत्वपूर्ण योगदान

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। श्री गुरु कार्ष्णि इंटर कॉलेज, महावन में मंगलवार को स्वास्थ्य प्रशिक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह कार्यक्रम एनएसएस नोडल प्रभारी श्रीनिवास शर्मा के मार्गदर्शन में तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बलदेव के ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी के सहयोग से संपन्न हुआ। एनएसएस स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका से विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं दोनों का स्वास्थ्य परीक्षण सुव्यवस्थित ढंग से कराया गया। स्वयंसेवकों ने पंजीकरण, अनुशासन व्यवस्था, परीक्षण प्रक्रिया में सहयोग तथा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के प्रसार में अहम भूमिका निभाई। साथ ही किशोर-किशोरियों को पोषण, स्वच्छता, व्यक्तिगत




साफ-सफाई एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार मिश्र ने एनएसएस की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में सेवा भावना एवं सामाजिक दायित्व की चेतना जाग्रत करती है। उप प्रधानाचार्य शिव कुमार निगम ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है। स्काउट मास्टर विनोद कुमार शुक्ला ने स्वयंसेवकों के अनुशासन एवं सेवा भाव की प्रशंसा की।कार्य-क्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी श्रीनिवास शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अध्यापक संजय वर्मा, डॉ. राकेश कुमार राही, वरिष्ठ अध्यापक विश्वजय सिंह, संग्राम सिंह, अंजली वर्मा, प्रीति पांडे सहित विद्यालय का समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं आदि उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### बीजेपी और चीन ...

BJP ने देशद्रोह क्यों किया? इसके अलावा कांग्रेस के X अकाउंट पर चीन के विदेश मंत्रालय का वीडियो पोस्ट किया गया। इसमें मंत्रालय प्रवक्ता माओ निंग कहती हैं- शक्सगाम घाटी चीन का इलाका है, यहां बुनियादी ढांचा बनाना गलत नहीं। कांग्रेस ने पूछा है कि मोदी सरकार की विदेश नीति वेंटिलेटर पर पड़ी है। अब चीन ने जम्मू-कश्मीर की शक्सगाम घाटी को अपना बताया है। मोदी जी 'लाल आंख' का क्या हुआ? दरअसल, सोमवार को दिल्ली में बीजेपी हेडक्वार्टर में बीजेपी और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (CPC) के डेलिगेशन की बैठक हुई। CPC डेलिगेशन का नेतृत्व सुन हेयान ने किया। सुन कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना के इंटरनेशनल डिपार्टमेंट (IDCPC) में वाइस मिनिस्टर हैं। जिस दिन चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (CPC) के डेलिगेशन और भाजपा नेताओं की बैठक हुई, उसी दिन चीन ने जम्मू-कश्मीर की शक्सगाम घाटी इलाके को अपना बताया। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (CPEC) के जरिए पाकिस्तान तक सड़क बना रहा है, जो इस इलाके से गुजर रही है। भारत को इस पर कड़ी आपत्ति है। भारत इस इलाके में किसी भी विदेशी अवैध निर्माण के खिलाफ रहा है। भारत ने 9 जनवरी को भी इस इलाके में चीन के कंट्रोल को अवैध कब्जा बताया था। ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक, चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि जिस इलाके को लेकर सवाल उठ रहे हैं, वह चीन का ही हिस्सा है।

### मनरेगा बन गया था ...

इस स्कीम को समाप्त कर मोदी सरकार ने 'विकसित भारत-जी राम जी एक्ट' लागू किया है, जिसका मूल विजन 2027 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का है। रिजिजू ने जोर देकर कहा कि इस एक्ट की शुरुआत हमारे गांवों से ही होगी, क्योंकि गांव मजबूत होंगे तभी देश आगे बढ़ेगा। रिजिजू ने आगे कहा कि ₹यूपी सबसे बड़ा प्रदेश है, सबसे ज्यादा गांव और आबादी यहां है। इसलिए बदलाव भी सबसे ज्यादा यूपी में दिखेगा। मैं खुद पहाड़ी इलाके से हूं, दूर-दराज गांवों में भी विकास होगा, लेकिन यूपी में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। उन्होंने बताया कि नए बिल के समर्थन में गांव-गांव से प्रस्ताव आएंगे। नए बिल का घर-घर स्वागत होगा। कांग्रेस की 400 रुपए मजदूरी देने की मांग वाले सवाल को उन्होंने टालते हुए कहा कि विषय से भटकना नहीं चाहिए। गांधी नाम हटाने पर बोले, ₹नाम के पीछे क्यों पड़े हो? राहुल गांधी के 23 जनवरी को अयोध्या आने के सवाल पर कहा- हम विषय पर ही रहते हैं। रिजिजू ने यूपी की जनता से अपील की, ₹दुष्प्रचार से भ्रमित न हों। सीएए के समय भी विपक्ष ने इसी तरह का दुष्प्रचार करके मुसलमानों को गुमराह करने की कोशिश की थी कि इस बिल से नागरिकता छिन जाएगी, लेकिन आज तक किसी की नहीं छीनी क्या? इसी तरह इस एक्ट पर कांग्रेस-सपा दुष्प्रचार कर रहे हैं। लेकिन इस बिल में कई ऐसे प्रावधान जोड़े गए हैं, जिसके चलते गांवों में जल्द ही बदलाव दिखेगा तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने कहा, ₹विकसित भारत का सबसे महत्वपूर्ण इंजन यूपी है। यूपी आगे बढ़ेगा तो भारत आगे बढ़ेगा। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### प्रगति मॉडल से यूपी ...

इसका उद्देश्य नागरिक शिकायतों के त्वरित निस्तारण में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना था, जो आगे चलकर प्रगति के राष्ट्रीय स्वरूप के रूप में विकसित हुआ। राष्ट्रीय स्तर पर प्रगति के प्रभाव का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके माध्यम से अब तक 86 लाख करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं को गति मिली है। इनमें 377 प्रमुख परियोजनाओं की प्रत्यक्ष समीक्षा प्रधानमंत्री द्वारा की जाती है, जबकि 3162 में से 2958 मुद्दों का समाधान किया जा चुका है। उत्तर प्रदेश के संदर्भ में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रगति मॉडल राज्य के लिए एक गेम-चेंजर साबित हुआ है। आज यूपी देश के प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर ग्रोथ इंजन के रूप में उभर रहा है। योगी ने बताया कि एक्सप्रेसवे नेटवर्क, देश का सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क, सर्वाधिक शहरों में मेट्रो सेवाएं, एयर कनेक्टिविटी, देश की पहली रैपिड रेल, अंतर्देशीय जलमार्ग और रोपवे परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने में प्रगति की निर्णायक भूमिका रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश के पास 10.48 लाख करोड़ रुपए की लागत की 330 इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का पोर्टफोलियो है, जो देश में सबसे बड़ा है। इनमें से 2.37 लाख करोड़ रुपए की 128 परियोजनाएं (करीब 39%) पूरी होकर कमीशन हो चुकी हैं, जबकि 8.11 लाख करोड़ रुपए की 202 परियोजनाएं तय समय-सीमा के भीतर प्रगति पर हैं। मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि प्रगति पोर्टल के जरिए प्रदेश में इंटर-एजेंसी बाधाओं का प्रभावी समाधान हुआ है। राजस्व, वन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नगर विकास, पंचायती राज सहित सभी विभाग एक ही मंच पर समन्वय के साथ निर्णय ले रहे हैं, जिससे हाईवे, रेलवे, पावर और टेलीकॉम परियोजनाओं में तेजी आई है। आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में प्रगति के तहत 515 मुद्दों में से 494 का समाधान किया जा चुका है, जो लगभग 96% है। वहीं, 287 परियोजनाओं में से 278 परियोजनाओं का समाधान सुनिश्चित किया गया है, जिसकी समाधान दर 97% है।

### कुत्ते के काटने पर ...

जस्टिस मेहता ने कहा- 2011 में प्रमोशन के बाद से मैंने इतनी लंबी बहसें कभी नहीं सुनीं। और अब तक किसी ने भी इंसानों के लिए इतनी लंबी बहस नहीं की है। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने आज की सुनवाई खत्म कर दी। अब 20 जनवरी को दोपहर 2 बजे से अगली सुनवाई होगी। वकील ने आगे कहा- जब किसी शेल्टर होम में कोई कुत्ता बीमार पड़ जाता है, तो उनमें से जो वायरस पैदा होते हैं, उनपर दवाओं का असर नहीं होगा। मुझे बुरा लगता है जब RWA कुत्तों के लिए शेल्टर होम बनाने के लिए और अधिक फंड की मांग करते हैं। सबसे पहले बच्चों को सड़कों से हटाना होगा, कुत्तों को नहीं। बच्चों को शेल्टर होम की ज्यादा जरूरत है। वकील ने कहा- मैं एक 80 साल की महिला का प्रतिनिधित्व कर रही हूं जो सड़क पर रहती है। वह 200 कुत्तों की देखभाल करती है। दिल्ली में उन्हें 'डॉग अम्मा' के नाम से जाना जाता है। कुत्तों गोद लेने की पॉलिसी पर विचार किया जाना चाहिए। एक राष्ट्रीय अभियान शुरू किया जा सकता है। यहां कई वकील हैं जिनके घर में 8-10 देसी कुत्ते हैं। जस्टिस मेहता ने कहा- अगर कोई आवारा कुत्ता किसी पर हमला कर दे तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी? इस पर वकील ने कहा- स्वयंसेवी संस्थाओं के लिए जिम्मेदारी तय की जा सकती है। जस्टिस मेहता ने कहा- आवारा कुत्ता किसी के कब्जे में नहीं होना चाहिए। अगर आप पालतू जानवर रखना चाहते हैं, तो लाइसेंस लें। एडवोकेट गुरुस्वामी ने कहा- कुत्तों को मारना और नसबंदी करना दोनों ही कारगर नहीं हैं। जब हम किसी प्रजाति को विलुप्त करने की बात करते हैं, तो हम अपने साथ भी कुछ गलत कर रहे होते हैं। हम करुणा नहीं छोड़ रह सकते। कोई भी तर्क क्रूरता और पशुओं को मारने को जायज नहीं ठहराता। जस्टिस नाथ ने कहा- हम बच्चों या बुजुर्गों को कुत्ते के काटने से होने वाली हर मौत या हमले के लिए, राज्य सरकार महिला ने कहा- 20 साल पहले मुझे एक कुत्ते ने बुरी तरह काट लिया था। मुझे टांके लगे। कुत्ते ने क्यों काटा, मैंने यह समझने की कोशिश की तो पाया कि उस कुत्ते को लंबे समय तक क्रूरता का शिकार बनाया गया था। लोग उसे पत्थर मारते थे, लात मारते थे। डर के मारे उसने आत्मरक्षा में मुझ पर हमला किया। महिला ने कहा- क्रूरता किसी ने की, दर्द मुझे सहनी पड़ी। मैंने उस कुत्ते को गोद ले लिया। 9 सालों में उसने किसी को नहीं काटा। जब डर दूर होता है, तो आक्रामकता भी दूर हो जाती है। सिर्फ नसबंदी उपाय नहीं है।

# डब्ल्यूपीएल में आरसीबी की लगातार दूसरी जीत

## यूपी वॉरियर्ज को 9 विकेट से हराया, ग्रेस हैरिस ने 40 गेंद पर 85 रन बनाए

मुबंई, एजेंसी

विमेंस प्रीमियर लीग (WPL) के पांचवें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने यूपी वॉरियर्ज को 9 विकेट से हरा दिया। टीम ने 144 रन का टारगेट महज 12.1 ओवर में हासिल कर लिया। ओपनर ग्रेस हैरिस ने 40 गेंद पर 85 रन बनाए, वहीं स्मृति मंधाना ने 47 रन बनाए। सोमवार को नवी मुंबई के DY पाटील स्टेडियम में RCB ने बॉलिंग चुनी। यूपी ने 50 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे, यहां से डिएंड्रा डॉटिन और दीप्ति शर्मा ने



93 रन की पार्टनरशिप कर टीम को 143 तक पहुंचा दिया। बेंगलुरु से श्रेयांका पाटील और नदीन डी क्लर्क ने 2-2 विकेट लिए। RCB को लगातार दूसरी जीत मिली, टीम ने पहले मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस को हराया था। वहीं यूपी वॉरियर्ज को लगातार दूसरी हार मिली, टीम को पहले मुकाबले में गुजरात जायंट्स ने 10 रन से हराया था। पॉइंट्स टेबल पर गुजरात पहले और बेंगलुरु दूसरे नंबर पर है 16वें ओवर में यूपी वॉरियर्ज ने अपनी सेंचुरी पूरी कर ली। 16वें ओवर में दीप्ति शर्मा और डिएंड्रा डॉटिन ने छठे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप भी कर ली। 8.2 ओवर तक 5 विकेट गंवाने के बाद दीप्ति शर्मा और डिएंड्रा डॉटिन ने यूपी को संभाला।

### मेग लैनिंग कैच आउट

8वें ओवर में यूपी वॉरियर्ज ने दूसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की पहली श्रेयांका पाटील ने गुड लेंथ पर फेंकी। मेग लैनिंग ने स्लॉग स्वीप शॉट खेला, लेकिन डीप मिड-विकेट पोजिशन पर कैच हो गईं। उन्होंने 21 गेंद पर 14 रन बनाए। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी यूपी वॉरियर्ज ने 6 ओवर में 1 विकेट खोकर 36 रन बना लिए। हरलीन देओल 11 रन बनाकर आउट हुईं, लेकिन कप्तान मेग लैनिंग और फीबी लिचफील्ड ने टीम को संभाल लिया। यूपी ने 9वें ओवर में चौथा विकेट भी गंवा दिया। ओवर की पहली बॉल पर नदीन डी क्लर्क ने किरण नवगिरे को लिंसी स्मिथ के हाथों कैच कराया। इसी ओवर की दूसरी गेंद पर श्वेता सहरावत भी कैच हो गईं। वे खाता भी नहीं खोल पाईं। पारी के 8वें ओवर में श्रेयांका पाटील ने 2 विकेट झटक लिए। ओवर की पहली गेंद पर उन्होंने मेग लैनिंग को कैच कराया।

*बेंगलुरु ने 8वें ओवर में ही अपनी सेंचुरी पूरी कर ली। ग्रेस हैरिस ने फिफ्टी लगाई, वे स्मृति मंधाना के साथ पिच पर मौजूद रहीं। पावरप्ले के छठे ओवर में ग्रेस हैरिस ने डिएंड्रा डॉटिन के खिलाफ 32 रन बना दिए। हैरिस ने ओवर में 3 छक्के और 3 चौके लगाए। डॉटिन ने ओवर में 2 एक्स्ट्रा भी दिए। पावरप्ले में टीम ने 78 रन बना दिए। 144 रन के टारगेट के सामने आरसीबी ने पहली ही गेंद पर चौका लगाकर शुरुआत की। ग्रेस हैरिस ने दीप्ति शर्मा के खिलाफ पहले ओवर में 2 बाउंड्री लगाकर 9 रन बटोरे।*

### बेंगलुरु ने 47 गेंद पहले मैच जीता

RCB ने 12.1 ओवर में ही 144 रन का टारगेट हासिल कर लिया। कप्तान स्मृति मंधाना 47 और ऋचा घोष 4 रन बनाकर नॉटआउट रहीं। ग्रेस हैरिस ने 40 गेंद पर 85 रन बनाए। यूपी से इकलौता विकेट शिखा पांडे ने लिया। 9 ओवर तक 50 रन पर 5 विकेट गंवाने के बाद यूपी वॉरियर्ज को डिएंड्रा डॉटिन और दीप्ति शर्मा ने वापसी दिलाई। दोनों ने छठे विकेट के लिए 93 रन की पार्टनरशिप की और टीम को 143 रन तक पहुंचा दिया। दीप्ति ने 45 और डॉटिन ने 40 रन बनाए।

# शिखर धवन ने गर्लफ्रेंड से सगाई की

## सोफी शाइन अमेरिकी कंपनी में वाइस प्रेसिडेंट रही हैं

मुबंई, एजेंसी

टीम इंडिया के पूर्व ओपनर शिखर धवन ने सोमवार को गर्लफ्रेंड सोफी शाइन के साथ सगाई की घोषणा की। धवन ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी। दोनों पिछले कुछ समय से रिलेशनशिप में थे और मई 2025 में अपने रिश्ते को सार्वजनिक किया था। पिछले साल धवन और सोफी को दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी मैच के दौरान साथ देखा गया था। इसके अलावा दोनों एक मीडिया कॉन्क्लेव में भी नजर आए थे, जहां धवन ने इशारों में दोबारा प्यार मिलने की बात कही थी। IPL में शिखर के पंजाब किंग्स के लिए खेलने के दौरान भी सोफी टीम को सपोर्ट करती नजर आई थीं। धवन ने इंस्टाग्राम पर लिखा- मुस्कान से लेकर सपनों तक, सब कुछ साझा करते हुए। हमारी सगाई के लिए मिले प्यार, आशीर्वाद और



शुभकामनाओं के लिए आभारी हूं। हम हमेशा के लिए एक-दूसरे का साथ चुन रहे हैं। सोफी शाइन आयरलैंड की रहने वाली हैं। जब वह धवन से मिली थी तब UAE में जॉब करती थी। उनके लिंक्डइन प्रोफाइल के मुताबिक वह अमेरिका की फाइनेंशियल सर्विस कंपनी नॉर्दर्न ट्रस्ट कॉरपोरेशन में सेकेंड वाइस प्रेसिडेंट (प्रोडक्ट कंसल्टेंट) के पद पर कार्यरत रही हैं। मीडियो रिपोर्ट के मुताबिक सोफी पिछले साल जुलाई से धवन की स्पोर्ट्स कंपनी डा वन स्पोर्ट्स की COO (चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर) हैं।

# बांग्लादेश को भारत में ही टी20 वर्ल्डकप खेलना होगा : आईसीसी

## वेन्यू बदलने की मांग खारिज, कहा- हमने जांच की, भारत में कोई खतरा नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) की टी-20 वर्ल्ड कप के वेन्यू बदलने की मांग खारिज कर दी है। ICC ने साफ किया कि वर्ल्ड कप के शेड्यूल में कोई बदलाव नहीं होगा। न्यूज एजेंसी ANI ने X पर ICC के हवाले से यह खबर दी। हालांकि, बाद में इस पोस्ट को डिलीट किया और ICC सूत्रों के हवाले से यह जानकारी देते हुए दूसरा पोस्ट किया शेड्यूल तय, कोई बदलाव नहीं होगा ICC ने कहा कि T20 वर्ल्ड कप 2026 का मैच शेड्यूल पहले ही जारी किया जा चुका है और सभी भाग लेने वाली टीमों से नियमों के तहत अपनी जिम्मेदारियां निभाने की उम्मीद है। ICC ने यह भी दोहराया कि



उसकी स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। खतरे को लेकर मीडिया रिपोर्ट्स खारिज ICC ने कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स ने कंटिन्जेंसी प्लानिंग (आपात योजना) को वास्तविक खतरे के रूप में पेश किया, जो सही नहीं है। संभावित परिस्थितियों पर पहले से योजना बनाना एक सामान्य और पेशेवर प्रक्रिया है, ताकि हर स्थिति के लिए तैयारी रहे, भले ही उसकी संभावना बहुत कम क्यों न हो। इन परिकल्पनाओं को किसी तरह का आदेश या निष्कर्ष नहीं माना जाना चाहिए। BCCI और प्रशासन पर भरोसा ICC ने भारत में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) और स्थानीय प्रशासन पर पूरा भरोसा जताया। ICC के मुताबिक, भारत का रिकॉर्ड बड़े अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों को सुरक्षित तरीके से कराने का मजबूत रहा है। टीम सिलेक्शन पर कोई शर्त नहीं रखीICC ने यह भी स्पष्ट किया कि उसने कभी यह नहीं कहा कि किसी टीम को सुरक्षा कारणों से खिलाड़ियों को चुनना या बाहर करना चाहिए, दर्शकों को राष्ट्रीय रंग पहनने से रोका जाए या किसी देश की घरेलू लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बदलाव किया जाए। सुरक्षा की लगातार समीक्षा की जा रही ICC ने बताया कि T20 वर्ल्ड कप 2026 की सुरक्षा योजना की लगातार समीक्षा की जा रही है।

# बीपीएल में नबी-हसन ने रचा इतिहास

## टॉप टियर टी-20 लीग में साथ बल्लेबाजी करने वाली पहली पिता-बेटे की जोड़ी, नोआखाली ने ढाका को हराया

मुबंई, एजेंसी

बांग्लादेश प्रीमियर लीग (BPL) में 11 जनवरी को अफगानिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नबी और उनके बेटे हसन ईसाखिल ने इतिहास रच दिया। दोनों ने नोआखाली एक्सप्रेस की ओर से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया और टॉप-टियर टी-20 लीग में एक साथ बल्लेबाजी करने वाली पहली पिता-बेटे की जोड़ी बने। ढाका कैपिटल्स के खिलाफ मैच में नबी और हसन ने चौथे विकेट के लिए 30 गेंदों में 53 रन जोड़े। 19 साल के हसन ने ओपनिंग करते हुए 60 गेंदों पर 92 रन की बेहतरीन पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 5 छक्के शामिल थे। वहीं, नबी ने 13 गेंदों में 17 रन बनाए। हसन को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। नोआखाली एक्सप्रेस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 184 रन बनाए। जवाब में ढाका



कैपिटल्स की टीम 143 रन पर सिमट गई। नबी ने गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन किया और दो विकेट अपने नाम किए। ढाका कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में नबी और हसन ने चौथे विकेट के लिए 30 गेंदों में 53 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की, जिससे टीम की पारी को मजबूती मिली और रन गति बनी रही। 19 वर्षीय हसन ईसाखिल ने ओपनिंग करते हुए 60 गेंदों पर 92 रनों की शानदार पारी खेली। उनकी इस पारी में 7 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।मोहम्मद नबी का ऑलराउंड योगदान

### हम सामान्य पिता-बेटे की तरह- हसन

*नबी और हसन मैच खत्म होने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में साथ आए। यहां जब हसन से पूछा गया कि क्या उनके पिता सख्त हैं तो उन्होंने जवाब दिया, नहीं, नहीं। हम सामान्य पिता-बेटे की तरह है। हम दोस्त हैं। हसन ने आगे कहा, मुझे 100 रन नहीं बना पाने का अफसोस नहीं है, क्योंकि मैं अपनी टीम को बड़ा स्कोर देना चाहता था। उन्होंने कहा, मैं अपने पिता की नकल नहीं करता, बल्कि अपने तरीके से खेलता हूं।*

### मोहम्मद नबी का ऑलराउंड योगदान

अनुभवी मोहम्मद नबी ने बल्लेबाजी में 13 गेंदों पर 17 रन बनाए। इसके अलावा गेंदबाजी में भी उन्होंने प्रभावी प्रदर्शन करते हुए दो अहम विकेट झटके। पहले बल्लेबाजी करते हुए नोआखाली एक्सप्रेस ने 20 ओवरों में 184 रन बनाए। 184 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ढाका कैपिटल्स की टीम दबाव में आ गई और पूरी टीम 143 रन पर सिमट गई।



नबी (दाएं) और बेटे हसन ने चौथे विकेट के लिए 30 गेंदों में 53 रन की साझेदारी की।

### मैं बेटे के साथ खेलना चाहता था- नबी

नबी ने कहा, मैं लंबे समय से अपने बेटे के साथ खेलना चाहता था। मैं उसे एक प्रो क्रिकेटर के रूप में तैयार किया हूं। उन्होंने कहा, मैं मैच से पहले हसन को बॉलर्स की रणनीति और परिस्थितियों के बारे में समझाया, जिससे हसन ने अच्छा प्रदर्शन किया।

## मनोरंजन

# बहरीनी रैपर फ्लिपराचे करेंगे इंडिया टूर

## फिल्म धुरंधर के गाने एफए9एलए से चर्चा में आए थे

मुबंई, एजेंसी

बहरीनी सिंगर-रैपर हुस्साम असीम, जिन्हें फ्लिपराचे के नाम से जाना जाता है, उनका हाल ही में गाना FA9LA बॉलीवुड फिल्म धुरंधर में शामिल हुआ था। जो बहुत हिट हुआ। अब रैपर जल्द भारत में टूर करेंगे। फ्लिपराचे ने रविवार को इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी कि वह 14 मार्च को बेंगलुरु में UN40 (अंडर 40) म्यूजिक फेस्टिवल में परफॉर्म करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही भारत के बाकी शहरों की तारीखें भी घोषित की जाएंगी। रैपर ने फैंस से कमेंट में यह बताने के लिए भी कहा है कि उन्हें किस शहर में शो करना चाहिए।



फ्लिपराचे को बहरीनी आर्टिस्ट ऑफ द ईयर 2024 का अवॉर्ड मिल चुका है। वे अपनी खास खलीजी हिप-हॉप स्टाइल के लिए जाने जाते हैं, जिसमें मॉडर्न रैप और पारंपरिक गल्फ म्यूजिक का मिक्सचर है। बता दें कि FA9LA गाना मई 2024 में रिलीज हुआ था, लेकिन दिसंबर 2025 में फिल्म धुरंधर के रिलीज होने के बाद इसे खास पहचान मिली।

# बॉर्डर 2 के इवेंट में इमोशनल हुए सुनील

## बेटे अहान के संघर्ष पर बोले- उसने बहुत कुछ झेला है

**साल 1997 में रिलीज हुई फिल्म बॉर्डर में सुनील शेट्टी ने काम किया था। अब फिल्म के सीक्वल में उनके बेटे अहान शेट्टी नजर आएंगे।**

मुबंई, एजेंसी

फिल्म बॉर्डर 2 का नया गाना 'जाते हुए लम्हों' सोमवार को लॉन्च हुआ। इस मौके पर आयोजित स्पेशल स्क्रीनिंग में फिल्म के कलाकार अहान शेट्टी अपने पिता सुनील शेट्टी के साथ पहुंचे। इवेंट के दौरान सुनील बेटे के संघर्ष और फिल्म पर बात करते हुए भावुक नजर आए। नेपोटिज्म पर बनी आम धारणा को लेकर एक्टर ने कहा, "लोगों को लगता है।



### बॉर्डर 2 का गाना 'जाते हुए लम्हों' लॉन्च

बॉर्डर 2 के मेकर्स ने गाना जाते हुए लम्हों सोमवार शाम मुंबई के यूनाइटेड सर्विसेज क्लब में लॉन्च किया। सुनील शेट्टी ने बेटे अहान शेट्टी और अन्या सिंह के साथ एंट्री की। इसके बाद नेवल ऑफिसर्स द्वारा बैंड परफॉर्मेंस दी गई। इवेंट में सिंगर रूप कुमार राठौड़ और विशाल मिश्रा ने लाइव परफॉर्मेंस भी दी।




### जेपी दत्ता को भी सुनील ने धन्यवाद दिया

सुनील शेट्टी ने फिल्म बॉर्डर के पहले पार्ट के डायरेक्टर जेपी दत्ता का भी आभार जताया। उन्होंने कहा, "मैं जेपी दत्ता का धन्यवाद करना चाहता हूं, जिन्होंने मुझे मौका दिया।"गौरतलब है कि अहान शेट्टी ने साल 2021 में तड़प से एक्टिंग की शुरुआत की थी। अब वह बॉर्डर 2 में सनी देओल और वरुण धवन के साथ नजर आएंगे।

**"फिल्म बॉर्डर 2 को लेकर बात करते हुए सुनील ने कहा, इतनी बड़ी फिल्म मिलना अपने आप में बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है। जब अहान यह फिल्म कर रहा था, तब मैंने उससे साफ कहा था कि यह सिर्फ एक यूनिफॉर्म पहनने की बात नहीं है, इसे हमेशा याद रखना। आज अगर देश प्रगति के लिए पहचाना जाता है, तो उसके साहस के लिए भी जाना जाता है। यह साहस हमें हमारे सैनिक और अधिकारी देते हैं**





# सलमान के करीबी से नाम जुड़ने पर भड़कीं माही विज

## अब्बा शब्द इतना गंदा कर दिया, शर्म आनी चाहिए, थू है, जय भानुशाली भी सपोर्ट में उतरे

नई दिल्ली, एजेंसी

एक्ट्रेस माही विज ने सलमान खान के करीबियों में शामिल नदीम से नाम जुड़ने पर भड़कते हुए ट्रोलर्स को फटकार लगाई है। उन्होंने साफ कहा है कि नदीम उनके पिता जैसे हैं और अब लोगों ने इस शब्द को ही गंदा कर दिया है। आगे माही ने कहा है, 'आपने वो अब्बा वर्ड इतना घटिया कर दिया है, इतना गंदा कर दिया है। मतलब आप लोगों को कर्मा से डर नहीं लगता। आप किसी भी लेवल की गंदगी तक जा सकते हैं। आपको शर्म आनी चाहिए आपको। थू है आप पर। आप इतनी घटिया बातें मेरे और नदीम के



बारे में लिख रहे हैं, जो सिर्फ मेरी जिंदगी के गॉड फादर नहीं हैं। आप कितने गंदे लेवल तक जा सकते हो।' माही विज ने अपनी पोस्ट में नदीम के लिए आई लव यू शब्द इस्तेमाल किया था, जिसके चलते भी उन्हें ट्रोल किया गया था। अब इस पर एक्ट्रेस ने कहा, 'आप बेस्ट फ्रेंड्स को आई लव यू नहीं बोलते हो? आप अपने भाई को आई लव यू नहीं बोलते हो? आप अपनी बहन को आई लव यू नहीं बोलते?

### माही विज की किस पोस्ट पर हुआ विवाद

शनिवार को माही ने एक इमोशनल पोस्ट शेयर कर बताया था कि नदीम उनके सबसे बड़े सपोर्ट सिस्टम हैं और हमेशा उनका साथ देते हैं। माही ने इंस्टाग्राम पर नदीम को बर्थडे विश करते हुए लिखा, उस इंसान को जन्मदिन की शुभका-मनाएं, जिसे मैंने संयोग से नहीं, दिल से चुना है। उसके लिए, जो तब भी मुझे समझ लेता है जब मैं कुछ नहीं कहती। उसके लिए, जो मेरे साथ इसलिए नहीं खड़ा होता क्योंकि उसे होना चाहिए, बल्कि इसलिए क्योंकि वह होना चाहता है।



*माही ने एक वीडियो जारी कर इस विवाद पर रिएक्ट करते हुए कहा है, सब ने मुझे बोला कि इसे नजरअंदाज करो और मेरे जो लोग हैं जिनको इन चीजों के बारे में मालूम है वो जानते हैं और उन्हें इस बारे में बहुत घटिया लग रहा है। क्योंकि हम लोगों ने बहुत अच्छे से एक-दूसरे की इज्जत रखते हुए तलाक लिया है, मुझे लगता है आप लोगों को ये हजम नहीं हो रहा। आप लोगों को कंट्रोवर्सी चाहिए। नदीम जो मेरा बेस्ट फ्रेंड है और वो हमेशा मेरे बेस्ट फ्रेंड रहेगा। 6 सालों से मैं उसके लिए पोस्ट डाल रही हूं और 6 सालों से तारा उसको अब्बा बुलाती है।*

# हॉलीवुड स्टार विल स्मिथ ने शाहरुख खान से काम मांगा

## ऑस्कर विनर एक्टर ने कहा- मैं चाहता हूं कि एसआरके मुझे किसी फिल्म में लें

नई दिल्ली, एजेंसी

ऑस्कर विनर अमेरिकन एक्टर विल स्मिथ बॉलीवुड में काम करना चाहते हैं। एक्टर ने हाल ही में एक इवेंट में बॉलीवुड के प्रति अपने लगाव के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने ये भी बताया कि कैसे उन्होंने पिछले कुछ सालों में इंडस्ट्री के कुछ सबसे बड़े सितारों के साथ रिलेशन-शिप डेवलप किए हैं। दरअसल, विल स्मिथ हाल ही में दुबई में नेशनल जियोग्राफी के अपने शो 'पोल टू पोल विद विल स्मिथ' के मिडिल ईस्ट प्रीमियर के लिए गए थे। वहां पर मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने बॉलीवुड के बारे में बात की। गल्फ न्यूज से बातचीत के दौरान जब विल से पूछा गया कि क्या वो कभी बॉलीवुड फिल्म में नजर आएंगे। अभिनेता ने जवाब में बताया



कि उन्होंने पहले सलमान खान और अमिताभ बच्चन से बातचीत की थी, हालांकि उस बातचीत से कुछ भी तय नहीं हो पाया। उन्होंने कहा, "मैं सलमान से बात कर रहा था। हम कुछ सब्जेक्ट्स पर चर्चा कर रहे थे। मैं बिग बी के साथ कुछ करने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने मुझसे कहा कि मैं बिग डब्ल्यू बन सकता हूं। हम टाइटल शेयर कर रहे थे। पिछले कुछ सालों में कुछ बातें हुई लेकिन कुछ भी सफल नहीं हुआ।" बातचीत में एक्टर ने हिंदी सिनेमा में शाहरुख खान की सुपरमेसी को एक्सेप्ट किया और खुलासा किया कि उन्होंने सुपरस्टार से सीधे तौर पर उन्हें किसी प्रोजेक्ट में लेने का रिक्वेस्ट किया है। उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि शाहरुख मुझे किसी फिल्म में लें। क्या कहते हो शाहरुख? एक्टर के शो 'पोल टू पोल विद विल स्मिथ' की बात करें तो इसमें एक्टर 100 दिनों तक अविश्व-सनीय चुनौतियों का सामना करते हुए दिखेंगे। जैसे कि साउथ पोल तक स्कीइंग करना, एक विशाल एनाकोंडा को पकड़ना, एक विषैली टेरेंटुला से दूध निकालना, पहाड़ों पर चढ़ना और नॉर्थ पोल की बर्फ के नीचे गोता लगाना। बता दें कि विल ने साल 2019 में टाइगर श्रॉफ, अनन्या पांडे और तारा सुतरिया स्टारर फिल्म स्टूडेंट ऑफ ईयर-2 के एक गाने में कैमियो किया था।

## 51वां राज्य बनाने का अधिकार मिलेगा, 300 सालों से यह डेनमार्क का हिस्सा

# अमेरिका में ग्रीनलैंड पर कब्जे का बिल पेश

**जानकारी**

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी सांसद कांग्रेसमैन रैंडी फाइन ने 'ग्रीनलैंड एनेक्सेशन एंड स्टेटहुड एक्ट' नामक एक बिल पेश किया है। इस बिल का मकसद अमेरिकी सरकार को ग्रीनलैंड को अपने कब्जे में लेने और बाद में इसे अमेरिका का राज्य बनाने के लिए कानूनी अधिकार देना है। सांसद रैंडी फाइन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके इस बिल की जानकारी दी। इसके बाद संसद को राज्य बनने के लिए जरूरी सुधारों की पूरी रिपोर्ट सौंपी जाएगी। अगर बिल पास हुआ तो अमेरिका को ग्रीनलैंड को अपना 51वां राज्य बनाने का अधिकार मिल जाएगा।




### ग्रीनलैंड पर हमले का प्लान बना रहे ट्रम्प

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने के लिए प्लान बनाने का निर्देश दिया था। डेली मेल के मुताबिक ट्रम्प ने जॉइंट स्पेशल ऑपरेशंस कमांड (JSOC) को यह जिम्मेदारी सौंपी है। हालांकि सैन्य अधिकारी इस विचार से सहमत नहीं दिख रहे हैं। वे इसे कानूनी रूप से गलत मानते हैं रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रम्प की यह रुचि घरेलू राजनीति से भी जुड़ी हो सकती है। इस साल के अंत में मिड-टर्म चुनाव होने वाले हैं।

*राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। उन्होंने जोर देते हुए कहा है कि ग्रीनलैंड अमेरिकी रक्षा के लिए जरूरी है। उन्होंने हाल ही में कहा था कि अमेरिका को ग्रीनलैंड की जरूरत है और वे इस दिशा में कदम उठा रहे हैं, चाहे दूसरे देश इसे पसंद करें या नहीं।*

### अगर बिल पास हुआ तो ग्रीनलैंड में क्या बदलेगा

**राष्ट्रपति को विशेष अधिकार मिलेंगे:** बिल पास होने पर अमेरिकी राष्ट्रपति को कानूनी रूप से जरूरी सभी कदम उठाने का अधिकार मिल जाएगा। इसमें डेनमार्क के साथ बातचीत से लेकर अन्य तरीके शामिल हैं, ताकि ग्रीनलैंड को अमेरिकी क्षेत्र में मिलाया जा सके।

**ग्रीनलैंड अमेरिकी क्षेत्र बनेगा:** अगर कब्जा सफल हो जाता है, तो ग्रीनलैंड अमेरिकी टेरिटरी बन जाएगा।

**स्टेटहुड की प्रक्रिया शुरू होगी:** राष्ट्रपति को कांग्रेस को एक रिपोर्ट सौंपनी होगी, जिसमें बताना होगा कि ग्रीनलैंड को 51वां राज्य बनाने के लिए कौन-कौन से फेडरल कानून बदलने होंगे।

**ग्रीनलैंड का संविधान बनेगा:** इसके बाद ग्रीनलैंड को अपना एक संविधान बनाना होगा, कांग्रेस इसे मंजूरी देगी, और ग्रीनलैंड अमेरिका का पूर्ण राज्य बन सकता है (जैसे अलास्का बना था)।




### अगर बिल पास हुआ तो ग्रीनलैंड में क्या बदलेगा

राष्ट्रपति को विशेष अधिकार मिलेंगे: बिल पास होने पर अमेरिकी राष्ट्रपति को कानूनी रूप से जरूरी सभी कदम उठाने का अधिकार मिल जाएगा। इसमें डेनमार्क के साथ बातचीत से लेकर अन्य तरीके शामिल हैं, ताकि ग्रीनलैंड को अमेरिकी क्षेत्र में मिलाया जा सके। ग्रीनलैंड अमेरिकी क्षेत्र बनेगा: अगर कब्जा सफल हो जाता है, तो ग्रीनलैंड अमेरिकी टेरिटरी बन जाएगा।

# तेहरान के हॉस्पिटल के सामने लाशों का ढेर

## लोग अपने परिवार वालों को तलाश रहे

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान में पिछले 15 दिन से हिंसक विरोध प्रदर्शन जारी है। ईरान की ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट न्यूज एजेंसी (HRANA) के मुताबिक, हिंसा में अब तक 544 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें 8 बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, 10,681 लोगों को हिरासत में लिया गया है। वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मौजूदा हालात को आतंकी युद्ध बताया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि ईरान में इस समय जो कुछ हो रहा है, वो एक आतंकी युद्ध है। अब्बास अराघची के मुताबिक, इस हिंसा में शामिल आतंकी तत्वों ने सरकारी इमारतों, पुलिस थानों और कारोबार से जुड़ी जगहों पर हमले किए हैं। ये घटनाएं प्लानिंग के साथ की गई हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरानी अधिकारियों के पास ऐसे ऑडियो



रिकॉर्ड मौजूद हैं, जिनमें आतंकियों को आम नागरिकों और सुरक्षा बलों पर गोली चलाने के आदेश दिए गए हैं। इससे पहले अराघची ने प्रदर्शनकारियों पर पुलिसवालों को मारने और जिंदा जलाने का आरोप लगाया था। उन्होंने इसे इजराइली की खुफिया एजेंसी मोसाद की साजिश बताते हुए हमले का वीडियो भी शेयर किया था।

**फास्ट न्यूज**

### शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 400 अंक गिरा

मुंबई। शेयर बाजार में आज यानी 13 जनवरी को गिरावट है। सेंसेक्स 400 अंक से ज्यादा गिरकर 83,400 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी में भी करीब 100 अंक की गिरावट है। ये 25,650 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में गिरावट और 5 में तेजी है। ऑटो और IT शेयर में बिकवाली देखने को मिल रही है। निफ्टी के मीडिया सेक्टर में 1.12% की तेजी है।

### चीन ने जम्मू-कश्मीर की शक्सगाम घाटी को अपना बताया

बीजिंग। चीन ने जम्मू-कश्मीर की शक्सगाम घाटी इलाके को अपना बताया है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (CPEC) के जरिए पाकिस्तान तक सड़क बना रहा है, जो इस इलाके से गुजर रही है। भारत को इस पर कड़ी आपत्ति है। भारत इस इलाके में किसी भी विदेशी अवैध निर्माण के खिलाफ रहा है। भारत ने 9 जनवरी को भी इस इलाके में चीन के कंट्रोल को अवैध कब्जा बताया था। ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक, चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने सोमवार को कहा कि जिस इलाके को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

### 14 साल की सिख लड़की का गैंगरेप कराया

लुधियाना। लंदन में पाकिस्तानी ग्रूमिंग गैंग द्वारा सिख लड़की (14) को प्रेम जाल में फंसाकर यौन शोषण का मामला सामने आया है। लड़की को पाकिस्तानी ग्रूमिंग गैंग ने पहले अगवा किया और फिर फ्लैट में बंद कर 5-6 लोगों से उसका रेप कराया। लड़की ने भागने की कोशिश भी की, लेकिन उसे डराकर चुप करा दिया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जैसे ही इस घटना के बारे में लंदन में रहने वाले सिखों को पता चला तो वे आरोपी के फ्लैट के बाहर पहुंचे और जमकर हंगामा किया।

# एक और हिंदू की हत्या

## 28 साल के ऑटो ड्राइवर को घर लौटते वक्त मारा चाकू

**फेनी, एजेंसी**

बांग्लादेश के दक्षिणी हिस्से चटगांव डिवीजन के फेनी जिला स्थित दागनभुइयां में रविवार रात अज्ञात बदमाशों ने 28 साल के हिंदू युवक समीर कुमार दास की पीट-पीटकर और चाकू मारकर हत्या कर दी। उसका ऑटोरिक्शा भी लूट लिया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, समीर रविवार शाम करीब 7 बजे ऑटोरिक्शा लेकर घर से निकला था। देर रात तक जब वह नहीं लौटा तो परिजन ने उसकी तलाश शुरू की। रात करीब 2 बजे जगतपुर गांव के एक खेत में स्थानीय लोगों को उसका शव मिला। दागनभुइयां थाने के एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, समीर की हत्या में देसी हथियारों का इस्तेमाल किया गया था। प्राथमिक जांच में लग रहा है कि हत्या पहले से प्लानिंग के तहत की गई थी। जांच जारी है और अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। बांग्लादेश



में 23 दिनों के दौरान हिंदू की हत्या की ये 7वीं घटना है। इससे पहले 5 जनवरी को बांग्लादेश के नरसिंदी जिले में एक हिंदू दुकानदार की धारदार हथियारों से हत्या कर दी गई थी। मृतक 40 साल का शरत चक्रवर्ती मणि था। दूसरी ओर, बांग्लादेश की एक जेल में बंद हिंदू गायक और सांस्कृतिक कार्यकर्ता प्रोलॉय चाकी की इलाज के अभाव में मौत हो गई। उन्हें 11 जनवरी की रात करीब 9 बजे दिल के दौरा आया था। उन्हें राजशाही मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्रोलॉय प्रसिद्ध सांस्कृतिक आयोजक और अभिनेता, दिवंगत लक्ष्मी दास चाकी के बेटे थे।

## 2 साल पहले 180 करोड़ का सोना चुराया, दावा- एक आरोपी भारत में

# सबसे बड़ी गोल्ड चोरी का 8वां आरोपी गिरफ्तार

**टोरंटो, एजेंसी**

कनाडा के इतिहास की सबसे बड़ी गोल्ड चोरी के मामले में पुलिस ने 8वें आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को टोरंटो पियर्सन इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अर्सलान चौधरी को पकड़ा। वह दुबई से उड़ान भरकर टोरंटो पहुंचा था। पुलिस के मुताबिक, अरसलान चौधरी पर 5 हजार डॉलर से अधिक की चोरी, अपराध से हासिल संपत्ति रखने और आपराधिक साजिश के आरोप लगाए गए हैं। जांच एजेंसियों का कहना है कि यह गिरफ्तारी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 'प्रोजेक्ट 24K' नाम से चल रही जांच का अहम हिस्सा है।



### चोरी में शामिल सिमरनप्रीत के भारत में होने का दावा

जांच में सामने आया कि ब्रैम्पटन निवासी 33 वर्षीय सिमरनप्रीत पनेसर ने इस चोरी में अहम भूमिका निभाई। पनेसर एयर कनाडा का पूर्व कर्मचारी है और उस पर एयरलाइन सिस्टम से छेड़छाड़ कर कार्गो को डायवर्ट करने का आरोप है।

> पुलिस ने बताया कि 2023 में टोरंटो एयरपोर्ट से 180 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत का सोना चोरी हुआ था।

### अब तक 10 लोगों पर कार्रवाई

पुलिस ने बताया कि इस मामले में अब तक 10 लोगों को आरोपी बनाया जा चुका है। इनमें ब्रैम्पटन निवासी आर्चित ग्रोवर, परम्पाल सिद्धू, अमित जलोटा, प्रसाथ परमलिंगम, अली रजा, अम्मद चौधरी और डुरांटे किंग-मैकलीन शामिल हैं। किंग-मैकलीन फिलहाल अमेरिका में हथियार तस्करी के एक अन्य मामले में हिरासत में है। पील रीजनल पुलिस प्रमुख निशान दुरईअप्पाह ने कहा कि यह जांच दिखाती है कि पुलिस जटिल और अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने में सक्षम है। उन्होंने कहा, "चाहे आरोपी कहीं भी छिपे हों, हम उन्हें ढूंढ निकालेंगे और कानून के सामने लाएंगे।"




> फ्लाइट लैंड होने के नहज साढ़े तीन घंटे में 400 किलो सोने की चोरी को अंजाम दिया जा चुका था।

### कैसे हुई कनाडा की सबसे बड़ी गोल्ड चोरी

17 अप्रैल 2023 को कनाडा में दोपहर 3 बजकर 56 मिनट पर स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख शहर से आ रही एक फ्लाइट कनाडा के टोरंटो शहर के पियर्सन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लैंड हुई। इस फ्लाइट से शुद्ध सोने की 6,600 ईंटें और लगभग 2.5 मिलियन डॉलर (21 करोड़ रुपए से ज्यादा) की फॉरेन करेंसी लाई गई। सोने का कुल वजन करीब 400 किलो था।

## नियम तत्काल लागू, इसमें भारत भी शामिल, ईरानी करेंसी की वैल्यू लगभग जीरो हुई

# ईरान से व्यापार किया तो 25% टैरिफ लगाएंगे : ट्रम्प

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ कारोबार करने वाले देशों पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ट्रम्प ने सोमवार रात ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर बताया कि यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू होगा। हालांकि व्हाइट हाउस की तरफ से इस टैरिफ को लेकर आधिकारिक दस्तावेज जारी नहीं किया गया है। यह फैसला ऐसे वक्त में लिया गया है जब ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शन जारी हैं। इन प्रदर्शनों में 600 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। दूसरी तरफ ईरान की करेंसी रियाल की वैल्यू अब लगभग जीरो



के बराबर पहुंच चुकी है। भारतीय मुद्रा में 1 रियाल की कीमत सिर्फ 0.000079 रुपए रह गई है। ईरान पर अमेरिका पहले ही कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगा चुका है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान से व्यापार करने वालों में प्रमुख देशों में चीन, संयुक्त अरब अमीरात और भारत शामिल हैं। टैरिफ लागू होने पर इन देशों के अमेरिका के साथ व्यापार पर असर पड़ सकता है।

> वर्ल्ड बैंक के 2022 के उपलब्ध डेटा के मुताबिक ईरान ने सबसे ज्यादा चीन, यूएई और भारत से व्यापार किया। इन देशों को ईरान मुख्य रूप से तेल, पेट्रोकेमिकल्स और औद्योगिक उत्पाद निर्यात करता है। अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद ईरान एशिया और खाड़ी देशों के जरिए अपना व्यापार जारी रखे हुए है। 2022 में ईरान का कुल व्यापार करीब 140 अरब डॉलर रहा। इसमें ईरान का निर्यात 80.9 अरब डॉलर और आयात लगभग 58.7 अरब डॉलर रहा। ईरान के निर्यात का सबसे बड़ा हिस्सा कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पाद और प्राकृतिक गैस हैं।



वर्ल्ड बैंक के आंकड़ों के मुताबिक ईरान ने 2022 में 147 देशों के साथ व्यापार किया था।

### भारत पर पहले ही 50% टैरिफ लगा चुका अमेरिका

अमेरिका पहले ही भारत पर 50% टैरिफ लग चुका है। इसमें 25% रेसिप्रोकल और 25% रूस से तेल आयात को लेकर टैरिफ शामिल हैं। ईरान से व्यापार को लेकर अगर भारत पर टैरिफ लगाया जाता है तो कुल टैरिफ 75% हो जाएगा। जिसका असर भारत के निर्यात पर पड़ रहा है। दोनों देशों के बीच टैरिफ विवाद को निपटाने के लिए आज ट्रेड डील पर बातचीत होनी है। भारत चाहता है कि उस पर लगाए गए कुल 50% टैरिफ को घटाकर 15% किया जाए और रूस से कच्चा तेल खरीदने पर जो एक्स्ट्रा 25% पेनल्टी लगाई गई है, उसे पूरी तरह खत्म किया जाए।

### ट्रम्प के टैरिफ पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आज

ट्रम्प के टैरिफ लगाने के अधिकार को लेकर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट कल यानी बुधवार को फैसला सुना सकता है। इसे लेकर ट्रम्प ने चिंता जताई है। ट्रम्प ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि अगर कोर्ट ने उनके टैरिफ लगाने के अधिकार को सीमित किया, तो अमेरिका को भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है और पहले वसूले गए टैरिफ लौटाना लगभग असंभव होगा। उन्होंने लिखा कि इतनी बड़ी रकम चुकाने में सालों लग जाएंगे और यह तय करना भी मुश्किल होगा कि किसे, कब और कितना भुगतान किया जाए।

### चांदी दो दिन में ₹20,000 बढ़कर ₹2.63 लाख/केजी हुई

सोने-चांदी के दाम आज (13 जनवरी) को लगातार दूसरे दिन ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, एक किलो चांदी की कीमत 6,566 रुपए बढ़कर 2,62,742 रुपए पर पहुंच गई है। कल इसने 2,57,283 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। दो दिन में चांदी करीब 20 हजार रुपए महंगी हो चुकी है। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 33 रुपए बढ़कर 1,40,482 रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। कल ये 1,40,449 रुपए प्रति 10 ग्राम था। IBJA की सोने की कीमतों में 3% GST, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल RBI सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं।

**चिंता : केंद्रीय मंत्री मांडविया के दखल के बाद फैसला, जेप्टो, स्विगी-जोमैटो भी टाइम लिमिट हटाएंगे**

# ब्लिंकिट ने हटाया '10 मिनट में डिलीवर' का दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म ब्लिंकिट ने अपने सभी ब्रांड प्लेटफॉर्म्स और विज्ञापनों से '10 मिनट में डिलीवरी' का दावा हटा लिया है। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया के हस्तक्षेप और डिलीवरी पार्टनर्स की सुरक्षा को लेकर जताई गई चिंता के बाद कंपनी ने यह कदम उठाया है। सरकार के साथ हुई बैठक में स्विगी, जोमैटो और जेप्टो ने भी भरोसा दिया है कि वे अब ग्राहकों से समय सीमा का वादा करने वाले विज्ञापन नहीं करेंगे। बैठक के बाद सभी प्रमुख क्विक कॉमर्स और फूड डिलीवरी कंपनियों ने सरकार को आश्वस्त किया कि वे अपने सोशल मीडिया




प्लेटफॉर्म और विज्ञापनों से 'टाइम-बाउंड डिलीवरी' के दावों को हटा लेंगे। ब्लिंकिट ने इसकी शुरुआत करते हुए अपने लोगो और एप इंटरफेस से 10 मिनट वाले टैग को हटाना शुरू कर दिया। कंपनियों का कहना है कि वे अब 'फास्ट डिलीवरी' पर फोकस करेंगी, न कि किसी फिक्स्ड टाइमिंग पर।

### लेबर मिनिस्टर ने कंपनियों के साथ की बैठक

केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने हाल ही में ब्लिंकिट, जेप्टो, स्विगी और जोमैटो के टॉप अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की थी। इस बैठक में डिलीवरी पार्टनर्स की सेफ्टी और उन पर पड़ने वाले मानसिक दबाव पर चर्चा हुई। मंत्री ने कंपनियों को सलाह दी कि वे डिलीवरी के लिए तय की गई सख्त समय सीमा को खत्म करें।

### डिलीवरी पार्टनर्स की सुरक्षा सर्वोपरि: मांडविया

- श्रम मंत्री ने बैठक में स्पष्ट किया कि कंपनियों का बिजनेस मॉडल वर्कर्स की जान जोखिम में डालकर नहीं चलना चाहिए।
- 10 मिनट जैसी समय सीमा न केवल राइडर्स के लिए खतरनाक है, बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों के लिए भी जोखिम पैदा करती है।
- सरकार अब गिग वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा और बेहतर कार्य स्थितियों पर एक व्यापक पॉलिसी बनाने की तैयारी में है।

# एपल ने एआई के लिए गूगल जैमिनी से पार्टनरशिप की

## आईफोन में सिरी को बेहतर करेंगे, मस्क ने डील को गलत बताया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एपल और गूगल के बीच आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर समझौता हुआ है। जिसके तहत अब एपल के AI फाउंडेशन मॉडल्स गूगल के जेमिनी एआई मॉडल और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर पर तैयार किया जाएगा। गूगल जेमिनी मॉडल एपल के नए सिरी (Siri) और एपल इंटेलिजेंस फीचर्स को और बेहतर बनाएगा। गूगल ने एक्स पर पोस्ट डालकर इस साझेदारी का ऐलान किया है। गूगल ने कहा कि आईफोन, आईपैड और मैकबुक में एपल इंटेलीजेंस फीचर्स को बेहतर और सिरी को अधिक पर्सनलाइज्ड बनाने के लिए यह पार्टनरशिप हुई है। बयान में कहा गया है कि सिरी के नए वर्जन को इसी साल लॉन्च किया जाएगा। इस पार्टशिप पर



प्रतिक्रिया देते हुए इलॉन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा कि गूगल के पास पहले से ही एंड्रॉयड और क्रोम हैं, ऐसे में यह डील उसकी ताकत का गलत इस्तेमाल करने जैसा लगता है। मस्क की कंपनी xAI 'ग्रोक' (Grok) नाम का AI चैटबॉट बनाती है, जो सीधे तौर पर गूगल के जेमिनी को टक्कर देता है। मस्क पहले से ही एपल और OpenAI के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि ये कंपनियां ऐप स्टोर पर प्रतिद्वंद्वी AI सेवाओं को ब्लॉक कर रही हैं। यह मुकदमा फिलहाल अदालत में चल रहा है। डील की खबर आने के बाद सोमवार को गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट के शेयर में 1% से ज्यादा की तेजी रही। इससे कंपनी की मार्केट वैल्यू ने 4 ट्रिलियन डॉलर (361 लाख करोड़ रुपए) के पार निकल गई है। गूगल दुनिया की दूसरी सबसे वैल्यूएबल कंपनी बन गई है। इस पार्टनरशिप के तहत गूगल के जेमिनी मॉडल एपल के 'प्राइवेट क्लाउड कंप्यूटिंग' इंफ्रास्ट्रक्चर पर चलेंगे और इस साल के आखिर तक नया सिरी लॉन्च किया जा सकता है।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96